दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 131 | जयपुर, रविवार, 21 अप्रैल, 2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

# राजस्थान की '12 की 12 सीटें जीत रही बीजेपी'

- कहा... राजस्थान सभी 25 सीटें लगातार तीसरी बार देगा भाजपा को
- बीजेपी को दिया आपका एक-एक वोट नरेंद्र मोदी की झोली में जाएगा

## भीलवाड़ा और कोटा में अमित शाह विपक्षी गठबंधन पर बरसे, किया दावा...

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को भीलवाड़ा और कोटा में भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल और ओम बिरला के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ओम बिरला और दामोदर अग्रवाल को दिया आपका हर वोट नरेंद्र मोदी को जाएगा। शाह ने कहा, 'पहले चरण के चुनाव वाली राजस्थान की 12 की 12 सीटें नरेन्द्र मोदी जी की झोली में जा रही हैं। राज्य तिगड़ी मारकर लगातार तीसरी बार सभी 25 सीटें नरेन्द्र मोदी को देने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ये चुनाव स्पष्ट रूप से 2 खेमों में बंटा हुआ है। एक ओर 12 लाख करोड़ के घपले, घोटाले, भ्रष्टाचार में लिप्त रहने वाली कांग्रेस है, वहीं, दूसरी तरफ हैं नरेंद्र मोदी, जिनपर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बाद भी 25 पैसे का भी आरोप नहीं है। उन्होंने कहा, एक तरफ अशोक गहलोत हैं, जो बेटे की लड़ाई में उलझ कर रह गए हैं। इसके साथ ही सोनिया गांधी का एजेंडा है कि मेरे बेटे को प्रधानमंत्री बनाओ, जबकि दूसरी तरफ मोदी का एजेंडा है- मेरे भारत को महान भारत बनाओ। आपका दामोदर अग्रवाल को दिया हर वोट नरेंद्र मोदी को जाएगा।'



@ भीलवाड़ा



@ कोटा

## 'कांग्रेस को वोट देते, तो कोटा बन जाता PFI का गढ़'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोटा के सीएडी ग्राउंड पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आपने 2019 में कांग्रेस को वोट दिए होते तो कोटा पीएफआई का गढ़ बन जाता। आपने मोदी जी को वोट दिया तो हमने इस संगठन का सफाया कर दिया।

### कांग्रेस नेता वोट बैंक के लालच में नहीं आए राम मंदिर

हमने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के वक्त ट्रस्ट ने कांग्रेस के नेताओं को निमंत्रण भेजा, लेकिन अपने वोट बैंक के लालच के कारण कांग्रेस रामलला के दर्शन करने भी नहीं गए, जो लोग वोट बैंक के लालच के कारण रामलला के दर्शन नहीं करते हैं, उन्हें देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। आज कश्मीर और पूर्वोत्तर में शांति लाकर और नक्सलवाद को समाप्ति के कगार पर पहुंचाकर मोदी जी ने देश को सुरक्षित करने का काम किया। हम विश्व में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था थे, पीएम मोदी के कार्यकाल में हम अब विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं. तीसरी बार आप मोदी को प्रधानमंत्री बना दीजिए, भारत तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा. ये मोदी की गारंटी है।

### ईआरसीपी मोदी की गारंटी है

कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी है। गहलोत सरकार ने 5 साल तक ईआरसीपी को आगे नहीं बढ़ने दिया। भजनलाल सरकार ने 3 महीने में ही ERCP का काम आगे बढ़ा दिया। हर गांव-ढाणी में इस योजना का पानी पहुंचाने की मोदी की गारंटी है। शाह बोले- हमने बहुमत का उपयोग गरीबी को हटाने में किया, देश को सुरक्षित बनाने में किया, अर्थतंत्र को 11वें से 5वें नंबर पर लाने में किया।

### मोदी ने अर्थव्यवस्था को तीसरे नंबर तक पहुंचाया

जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता जिंदा है, हम आरक्षण को हटाने नहीं देंगे। ये कांग्रेस पार्टी वाले झूठ फैला रहे हैं। देश के अर्थतंत्र को दुनिया में तीसरे नंबर पर लाने का काम नरेंद्र मोदी करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ये मोदी की गारंटी ही है कि अनुच्छेद 370 हटा दी गई और राममंदिर बन गया। कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन वालों को मोदी की सफलताएं सहन नहीं हो रही हैं, वे अपने वोट बैंक को साधने के चक्कर में देश हित का ताक में रखे हुए हैं।



### पूरे ध्यान से वोट देना

जब 200 रुपए की मटकी भी लेने जाए तो टकोरा लगाकर देखते हैं तो फिर देश का खजाना किसे सौंपना है, इसका पूरा ध्यान रखकर वोट करना। बिरला को जीता कर लोकसभा भेजिए, हम कोटा-बूंदी को देश का नंबर 1 लोकसभा क्षेत्र बनाएंगे।

### राहुल बाबा 20 बार लॉन्च... हर बार फेल

अमित शाह ने कहा- कोटा वालों आपने सांसद ऐसा चुना था, जिन्होंने स्पेशल ट्रेनें चलवाकर कोरोनाकाल के दौरान बच्चों को घर पहुंचवाया। पूरे देश के सामने 2 विकल्प हैं। एक नरेंद्र मोदीजी हैं, दूसरी ओर राहुल बाबा हैं। राहुल बाबा 20 बार लॉन्च किए गए, लेकिन हर बार फेल रहे।

## जरूरी खबर

### IPL: SRH ने DC को 67 रन से हराया



**नई दिल्ली।** आईपीएल के तहत यहां अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में हैदराबाद ने मेजबान दिल्ली को 67 रनों के बड़े मार्जिन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएच ने पहले इस सीजन में ताबड़तोड़ बैटिंग का सिलसिला जारी रखते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 266 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। जवाब में दिल्ली कैपिटल की पूरी टीम 19.1 ओवर में 199 रन ही बना सकी। एसआरएच के ट्रेविस हेड ने मात्र 32 बॉल पर 89 रनों की पारी खेली।

**यलो अलर्ट: प्रदेश में आंधी, वज्रपात की भी आशंका**

## आज और कल के लिए झमाझम के आसार

**हवा की रफ्तार होगी 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे**

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में एक बार फिर आंधी और बारिश का मौसम बनने वाला है। मौसम विभाग का कहना है कि राजस्थान में दो दिन मौसम खराब रहेगा। मौसम विभाग ने 21 और 22 अप्रैल को राजस्थान में गरज और चमक के साथ झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज रफ्तार से हवाएं चलेंगी, जिनकी स्पीड 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। भारतीय मौसम विभाग ने राजस्थान में इन दोनों दिन के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग की ओर से जारी वेदर बुलेटिन में कहा गया है कि एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ 22 अप्रैल से उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। इसके प्रभाव से 20 से 26 अप्रैल के दौरान जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में गरज, चमक और तेज हवाओं के साथ छिटपुट रूप से हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी देखी जा सकती है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे होगी। इस पश्चिमी विक्षोभ का असर उत्तर पश्चिमी भारत के मौदानी इलाकों पर भी देखा जाएगा।



### पश्चिम हिस्से में छिटपुट बारिश

मौसम विभाग ने 21 और 22 अप्रैल को पश्चिमी राजस्थान में गरज, चमक और तेज हवाओं के साथ छिटपुट बारिश की संभावना जताई है। वहीं, पूर्वी राजस्थान में 22 अप्रैल को गरज चमक और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश देखी जाएगी। मौसम विभाग की ओर से 21 अप्रैल को पश्चिमी राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में आंधी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## करौली-धौलपुर सीट पर सबसे कम मतदान

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 12 लोकसभा सीटों पर हुए चुनावों के अंतिम आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। इन सीटों पर 58.28 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसमें सर्वाधिक 67.21 प्रतिशत गंगानगर तो सबसे कम 50.02 प्रतिशत करौली-धौलपुर लोकसभा सीट पर हुआ है। प्रथम चरण में प्रदेश कुल 14753060 वोट पड़े। इनमें 6814997 वोट महिलाओं, 7778928 पुरुषों और 164 वोट थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने डाले। चुनावों में 2019 मतदान प्रतिशत का अंतर 2.24 प्रतिशत से इस बार 1.86 प्रतिशत आ गया है। सीकर, चूरू एवं झुंझुनूं में महिलाओं का मतदान प्रतिशत ज्यादा रहा है। सीकर में महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 58.92, झुंझुनूं में 54.03 प्रतिशत, चूरू में 63.71 प्रतिशत मतदान रहा।

## कांग्रेस ने भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताया: मुख्यमंत्री



**कांग्रेस पार्टी का गरीब से कभी वास्ता नहीं रहा**

**बेधड़क** | बाड़मेर-बालोतरा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान खेती के साथ ही पशुपालन का काम भी करता है। पशुपालक हमारी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं। हमारी सरकार ने पशुपालकों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की है, जिसके माध्यम से पशुपालकों को ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है।

शर्मा शनिवार को बालोतरा के खुडाला में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देवासी समाज वो समाज है, जो पशुपालन के जरिए देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करता है और इस समाज का देश की संस्कृति व उन्नति में बड़ा योगदान रहा है। शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य क्षण आया, लेकिन कांग्रेस ने भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताया। जो राम का नहीं है, वो किसी का नहीं है। इसलिए कांग्रेस के लोगों में से राम ही निकल गए। कईयों ने कांग्रेस के टिकट वापस कर दिए। यह कांग्रेस की स्थिति हो रही है।

### पीएम ने गरीब-किसान की परिभाषा बदली

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 के बाद गरीब और किसान की परिभाषा को बदलने का काम किया है। गरीबी के दुख-दर्द को वो ही जान पाता है जो गरीबी से निकला हुआ हो। प्रधानमंत्री मोदी ने हर घर शौचालय के जरिए महिला सम्मान एवं सुरक्षा, किसान सम्मान निधि एवं उज्ज्वला योजना के जरिए किसान एवं गरीब कल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि कई पार्टियां गरीबी हटाने का नारा देती है, लेकिन उन लोगों का गरीब से कभी वास्ता नहीं रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही गरीब का सहारा बनकर उनको आगे बढ़ाने का काम किया है।

### 25 के 25 कमल के फूल खिलेंगे

मुख्यमंत्री ने आमजनों से देश के विकास, सीमाओं की सुरक्षा एवं गरीब कल्याण की ताकत को मजबूत करने के लिए लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाने का आह्वान भी किया। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि वर्ष 2014 एवं 2019 की तरह ही इस बार भी प्रदेश में तीसरी बार पूरे 25 के 25 कमल के फूल खिलेंगे और प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में साधु-संत एवं आमजन मौजूद रहे।

**तीन नए कानूनों पर CJI डीवाई चंद्रचूड़ का मत**

## 'भारत बढ़ रहा आगे... कानूनी प्रणाली में बदलाव को तैयार'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि संसद द्वारा नए आपराधिक कानूनों में किए गए बदलाव इस बात का साफ संकेत है कि भारत बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है और मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए नए कानूनी उपकरणों की जरूरत है। 'आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ' विषय पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने नए आपराधिक न्याय कानूनों के अधिनियमन को समाज के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। इस मौके पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता समेत अन्य लोग मौजूद थे।



**भारत अहम बदलाव के लिए तैयार है:** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने कहा कि नया आपराधिक न्याय कानून में बदलाव समाज के लिए ऐतिहासिक पल है और कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में अहम बदलाव के लिए तैयार है। नए कानून तभी सफल होंगे, जब हम नागरिक के तौर पर उन्हें अपनाएं। नए कानून ने क्रिमिनल जस्टिस पर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। पीड़ितों की हितों को प्रोटेक्ट करने के लिए अपराध की जांच व प्रॉसिक्यूशन (अभियोजन) कुशल तरीके से हो इसके लिए जरूरी बदलाव व सुधार किए गए हैं।

### नए कानून पारित होना अच्छा संकेत

चीफ जस्टिस ने कहा कि संसद ने कानूनी बदलाव के जरिये तीन नए कानून पारित किए हैं और यह संकेत देता है कि भारत बदल रहा है और वह आगे बढ़ रहा है। गौरतलब है कि गत 28 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75 वें वर्षगांठ के मौके पर आयोजित समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि सरकार मौजूदा संदर्भ और बेहतरीन प्रथाओं के अनुसार कानून का आधुनिकीकरण कर रही है। पीएम ने कहा था कि तीन नए कानून बनाने से भारत के कानून, पुलिस और जांच प्रणाली एक नए युग में जा पहुंची है।

### एक जुलाई से नए कानून हुए नोटिफाई

आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह बनाए गए तीनों नए कानून को एक जुलाई 2024 से अमल में लाने के लिए नोटिफाई किया जा चुका है। तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य एक्ट को एक जुलाई से लागू किया जाएगा, लेकिन नोटिफिकेशन में कहा गया है कि केंद्र ने न्याय संहिता की धारा-106 (2) को फिलहाल होल्ड कर दिया है यानी धारा-106 (2) फिलहाल लागू नहीं होगा यह प्रावधान हिट एंड रन से जुड़े अपराध से जुड़ा हुआ है।

## जरूरी खबर

### चुनाव ड्यूटी पर गुजरात के पुलिस जवान की मौत



**बेधड़क.जयपुर।** सीकर के नीमकाथाना में लोकसभा चुनाव में ड्यूटी करने आए गुजरात पुलिस के जवान की अचानक तबीयत खराब होने के बाद मौत हो गई। जवान कमलेश गुजरात के गांधीनगर का रहने वाला था जो की गुजरात पुलिस में तैनात था। जानकारी के अनुसार जवान कमलेश कुमार माणका (45) खाना खाकर लेटा था, तभी अचानक जवान की तबीयत खराब हो गई। उसे नीमकाथाना जिला अस्पताल में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का कठोर कारावास

**बेधड़क.जयपुर।** जिले की पॉक्सो अदालत ने 17 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी कालू उर्फ गौरीशंकर को 20 साल की सजा और एक लाख 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि 3 जुलाई, 2019 को पीड़िता की मां ने फागी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि वो अपनी बेटी के साथ सुबह फागी सीएचसी गई थी। वहां से वो दवा लेने के बाद अंदर गई तो उसकी बेटी नहीं मिली। पुलिस ने 22 अगस्त को पीड़िता को बरामद करने के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

### अभी 250 ट्रेनी एसआई और होंगे गिरफ्तार: किरोड़ी



**बेधड़क.जयपुर।** पेपर लीक के मामले में लगातार कार्रवाई हो रही है। सबसे ज्यादा एक्शन 2021 में हुए सब इंस्पेक्टर परीक्षा में हुई सेटिंग के मामले में हो रहा है। एसओजी ने एसआई पेपर लीक केस में अभी तक 38 ट्रेनी एसआई को पकड़ा है। दूसरी ओर इस मामले में किरोड़ी लाल मीणा ने एक बड़ा बयान दिया है। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि अभी 250 ट्रेनी एसआई और गिरफ्तार होंगे। किरोड़ी लाल मीणा के इस बयान ने राजस्थान पुलिस अकादमी में ट्रेनिंग ले रहे थानेदारों की धड़कन तेज हो गई हैं। दरअसल शनिवार को भीलवाड़ा में अमित शाह की रैली में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने पेपर लीक मामले को लेकर भजनलाल सरकार की कार्रवाई की प्रतिबद्धता का दावा किया।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- नकल की दुकान खोलने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

# हमने आदिवासियों का दर्द समझा, कांग्रेस सिर्फ वादा करती रही

**बेधड़क** | जयपुर

भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में नकल करने और पेपर लीक के मामले में कोई कितना ही बड़ा व्यक्ति हो, जिसने नकल की दुकान खोल रखी एक को भी नहीं बख्शा जाएगा, वो जेल की सलाखों के पीछे होगा।

सीएम झाड़ोल विधानसभा के ओड़ा गांव में पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां पर उदयपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मन्नालाल रावत के समर्थन में सभा को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि हमने नकल माफिया नकल का सौदा कर युवाओं के सपने तोड़ते थे। उनकी आंखों में आंसू लाने का काम करते थे। हम उनको छोड़ने वाले नहीं है। हमने एसआईटी का गठन किया और उसने काम शुरू कर दिया हैं और 90 लोगों को गिरफ्तार किया है। वे बोले- जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है उनको हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसी को छोड़ने वाले नहीं है, वे कहते है न खाऊंगा और खाने दूंगा और जिसने खाया है उनका वापस निकाला जा रहा है और यही काम किया जा रहा है। चुनाव का समय आता है तब ये कांग्रेस वाले वादे करते लेकिन निभाते नहीं है, राजस्थान के किसानों का कर्जा माफ की बात की और वे कभी नहीं कर पाए।



### भाजपा ने एक-एक वादा पूरा किया

सीएम ने कहा कि बहनों को गैस कनेक्शन देने का काम किया तो प्रधानमंत्री मोदी ने किया। विकास हो या सीमाओं की सुरक्षा हो या भारत का दुनिया में बढ़ता हुआ भारत का गौरव हो, यह काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि अभी चार महीने पहले आपने राजस्थान में भाजपा की सरकार को चुनने का काम किया है। इन चार महीनों में हमने जो वादे किए, वह एक एक-एक कर पूरा कर रहे है। आदिवासी की पीड़ा को हमने समझा है। उनका जीवन कैसे ऊपर उठ सकें, इन सब बातों पर हमारी सरकार सोचती है।

### किसान सम्मान निधि बढ़ाने का काम किया

सीएम बोले- हमने वादे के तहत पहली कैबिनेट में किसान सम्मान निधि बढ़ाने का काम किया, छह हजार से बढ़ाकर आठ हजार किया। इस क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 300 करोड़ रुपए की योजना बनाई है। पूरे उदयपुर में पर्यटन होगा तो युवाओं को रोजगार मिलेगा। इससे पहले जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, भाजपा प्रत्याशी मन्नालाल रावत, भाजपा देहात अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान आदि ने संबोधित किया। सीएम का यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

## यूपी सीएम का दौरा, सीपी जोशी के समर्थन में किया रोड शो

# सांप्रदायिक, जातिवादी सोच के कारण देश को हुआ नुकसान

■ कांग्रेस राज में आंतकवादियों को खिलाई जाती थी बिरयानी

**बेधड़क** | जयपुर

सांप्रदायिक और जातिवादी सोच के कारण देश पहले बहुत नुकसान सह चुका है। आज कहीं जोर से पटाखा फूटता है तो पाकिस्तान कहता है इसमें हमारा हाथ नहीं है। कांग्रेस के समय में आंतकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी।

ये बात यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार दोपहर को चित्तौड़गढ़ के निंबाहेड़ा में कही। वे यहां चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी के समर्थन में रोड शो के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सीएम योगी ने कहा- भगवान राम के लिए कहा जाता था राम पैदा नहीं हुए।

जो आस्था का सम्मान नहीं कर सकते, राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ नहीं कर सकते हैं, विरासत और विकास की यात्रा में सहभागी नहीं हो सकते, उन्हें सत्ता में आने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस देश की सुरक्षा और आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाली पार्टी है।



### जोधपुर में शेखावत के साथ रथ में हुए सवार

**जोधपुर।** यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ जोधपुर भी पहुंचे। यहां केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत के समर्थन में रोड शो किया। तय कार्यक्रम के अनुसार वे शाम करीब 5 बजे जोधपुर पहुंचे और यहां के गांधी मैदान से रोड शो की शुरुआत की। रोड शो का काफिला सरदारपुरा, गोल बिल्डिंग से होते हुए जालोरी गेट पहुंचा। इसके बाद यहां सभा को भी संबोधित किया। योगी ने कहा कि देश में आज माहौल राष्ट्रवादी सरकार बनाने का है, पिछली बार हमने कहा था रामलला आने वाले है आ गए ना, उन्होंने कहा कि जो देश द्रोही थे समाज और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहते थे उनका राम नाम सत्य हो गया, उन्होंने कहा कि अच्छे लोगो को चुन कर भेजते है तो सुरक्षा, समृद्धि मिलती है और आस्था का सम्मान होता है और भविष्य का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि देश की आवाज के साथ जोधपुर की आवाज भी जुड़े। इधर, योगी के पहुंचने से पहले ही काफी बड़ी संख्या में समर्थक जुट गए थे।रथ में उनके साथ केंद्रीय मंत्री शेखावत भी मौजूद है। इस दौरान योगी ने समर्थकों को हाथ जोड़कर अभिवादन किया तो वहीं शेखावत ने फूल बरसाए। रोड शो में कई नेता और पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### खुली जीप में किया रोड शो

बता दें, यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार दोपहर करीब 1 बजे निंबाहेड़ा पहुंचे थे। इस दौरान यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने उनका स्वागत किया। वहीं योगी के साथ भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी, विधायक श्रीचन्द्र कृपलानी भी मौजूद रहे। खुली जीप में सीएम योगी का रोड शो गोदाम मार्ग से रोड शो शुरू हुआ, जो मुख्य मार्गों से होता हुआ शेखावत सर्किल पहुंचा। जहां भैंरोसिंह शेखावत की प्रतिमा को पुष्प माला पहनाने के बाद जनसभा को संबोधित किया। डीजे और बैंड बाजे के साथ बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। राजस्थानी कलाकारों ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। वहीं रोड शो के मार्ग पर जगह-जगह बनाए गए स्टेज से और जेसीबी व छतों से फूल बरसा कर स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मातृ शक्ति भगवा रंग की साड़ी और साफा पहनकर रोड शो में शामिल हुई।

## खबरों में बेधड़क खबर

### साहब ने बना ली अनुभवहीन गामाओं की सूची



विधानसभा चुनावों से पहले और बाद में राजधानी में अलग-अलग रैंज से कानून व्यवस्था संभालने आए अधिकतर गामा रैंक के अफसरों की कार्यशैली को लेकर एमआई रोड पर बैठने वाले बड़े साहब काफी नाराज है। दरअसल, अधिकतर गामा को थाना संभालने का अनुभव ही नहीं हैं। ऐसे में बड़े साहब के पास परिवादियों की संख्या बढ़ने लगी है। साहब की तैनातगी के बाद लूट-खसौट तो बंद हो गई। लेकिन दो दर्जन से ज्यादा गामा थानों को ही नहीं संभाल पा रहे है और उनके अधिनस्थ इसका जमकर फायदा उठा रहे हैं। चर्चा है कि साहब ने राजधानी में तैनात गामाओं की एक लंबी सूची तैयार कर ली है। लोकसभा चुनावों के बाद सूची में शामिल अफसरों की थानों से विदाई तय मानी जा रही है।

### गामा की थाने में परिवादियों से गाली-गलौच



राजधानी में तैनात एक गामा साहब जातिवाद करने को लेकर खाकी में चर्चा में है। थाने के अधिनस्थ तो गामा साहब से परेशान ही है ही साथ में थाने में आने वाले परिवादियों के साथ भी गामा द्वारा दुर्व्यवहार किया जा रहा है। चर्चा है कि साहब थाने में आने वाले परिवादियों से पहले जाति पूछते है और उसके बाद में उनकी सुनवाई करते हैं। गामा सुनवाई के दौरान ही जाति पूछने के बाद न्याय की उम्मीद से आए परिवादी के साथ ही गाली-गलौच करने लग जाते हैं। इससे पहले भी कई शिकायते होने पर बड़े साहब ने गामा का थाना बदल दिया था। अब फिर से गामा अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे है और स्थानीय लोगों ने अपने विधायक को शिकायत की है। लेकिन अभी तक गामा के व्यवहार में आमजन को लेकर बदलाव नहीं आया। यह मामला खाकी में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### साहब का नहीं छूट रहा इंटेलीजेंस से मोह



लालकोठी वाले सात मंजिला भवन में बैठने वाले एक बड़े साहब का रिटायरमेंट काफी नजदीक है। लेकिन साहब का अभी तक इंटेलीजेंस से मोह नहीं छुट रहा है। साहब ट्रांसफर-पोस्टिंग और चुनावों में प्रत्याशियों को लेकर काफी दिलचस्पी दिखाते है। साहब के केबिन में कोई भी अफसर या पॉलिटिक्स से जुड़े लोग आते है तो साहब प्रत्याशियों के साथ में फिल्ड में लगे अफसरों की जानकारी जुटाना शुरू कर देते हैं। यह आदत पिछले 20 साल से है। साहब ने विधानसभा चुनावों के दौरान एक पार्टी को गोपनीय इनपुट दिए थे। क्योंकि साहब की इंटेलीजेंस काफी मजबूत है। चर्चा है कि गोपनीय इनपुट देने के बदले में साहब दूसरे माले पर पोस्टिंग लेना चाहते थे। लेकिन चेहरे बदलने से साहब की पूरी प्लानिंग फेल हो गई। अब साहब फिर से लोकसभा चुनावों में काफी दिलचस्पी दिखा रहे है।

### ब्रेवो साहब अब फॉर्म में



राजधानी के नजदीक वाले जिले में तैनात एक ब्रेवो साहब जिस तरह क्रिकेट में अपना जलवा बिखरते है, उसी तरह अब साहब ने कानून व्यवस्था संभालने और अपराध पर अंकुश लगाने की ठान ली है। बड़े षड्यंत्र का दाग झेल चुके ब्रेवो साहब लंबे समय बाद फिल्ड में आए तो फॉर्म में दिखने लगे। साहब के बाउंसर को अपराधी झेल नहीं पा रहे है और साहब उनके खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाईयां कर रहे है। चर्चा है कि साहब अब भूखे शेर की तरह अपराधियों के पीछे पड़े हुए है। साहब द्वारा जिले में की जा रही लगातार कार्रवाईयों को लेकर लालकोठी वाले सात मंजिला भवन में काफी चर्चा है। पहले षड्यंत्र में फंसे तो पिछले पांच साल धर्म पत्नी के एक पार्टी से जुड़े होने के कारण पोस्टिंग नहीं मिली। अब पोस्टिंग मिली तो साहब अपनी पुरानी लय में आ गए।

**- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

## अदालत ने सरकार के फैसले पर लगाई रोक

# मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष चौबदार को राहत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम समय में कई बोर्ड और निगम बनाए गए थे। जिनमें बोर्ड अध्यक्ष के साथ-साथ सदस्यों की नियुक्ति भी की गई थी।

लेकिन जैसे ही प्रदेश में चुनाव के बाद नई सरकार का गठन हुआ और भाजपा सत्ता पर काबिज हुई तो उसके बाद भजनलाल सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार के कई आदेशों पर रोक लगा दी। जिसमें मदरसा बोर्ड अध्यक्ष की नियुक्ति पर भी सरकार ने रोक लगा दी थी। लेकिन भाजपा सरकार के इस फैसले के खिलाफ राजस्थान मदरसा बोर्ड अध्यक्ष एमडी चौबदार ने हाईकोर्ट



का दरवाजा खटखटाया था। जहां से उन्हें बड़ी जीत मिली है। हाईकोर्ट ने सरकार पर फैसले पर रोक लगा दी है। अदालत के इस फैसले के बाद एमडी चौबदार के राजस्थान मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष पद बने रहने का रास्ता साफ हो गया है मालूम हो कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय एमडी चौबदार को को मदरसा बोर्ड अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति दी थी।

नियुक्ति के 13 माह बाद ही प्रदेश में नई सरकार का गठन हुआ और सरकार ने बोर्ड अध्यक्ष की नियुक्ति को रद्द करने के आदेश जारी कर दिए इसके बाद बोर्ड अध्यक्ष ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

आज राजस्थान हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई सुनवाई पर हाई कोर्ट ने बोर्ड अध्यक्ष को राहत देते हुए उनके पक्ष में फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने सरकार के फैसले को गलत मानते हुए बोर्ड अध्यक्ष को अपने पद पर बने रहने के आदेश जारी कर दिए।

# राज्यपाल ने पक्षियों के लिए बांधे परिंडे



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को राजभवन में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने की शुरुआत की। सोनल सलोनी माहेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जयपुर के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के पानी पीने के लिए एक हजार परिंडे लगाए जाने की शुरूआत करते हुए राज्यपाल ने आमजन से अपील भी की है कि आने वाले दिनों में तपिश और बढ़ेगी, ऐसे में अधिकाधिक लोग पक्षियों के लिए अपने घरों और आस-पास के पेड़ों पर परिंडे लगाएं। सुबह-शाम इनमें दाने-पानी की व्यवस्था भी करें। इससे पहले राज्यपाल मिश्र को गोकुल माहेश्वरी ने ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे समाजसेवा के कार्यों की जानकारी दी।

# वसुंधरा राजे ने पुत्र दुष्यंत सिंह के लिए मांगे वोट

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शनिवार को अपने पुत्र दुष्यंत सिंह के समर्थन में जनता से वोट की अपील की। राज ने बारां जिले के छबड़ा, छीपाबड़ौद और हरनावदाशाहजी में कार्यकर्ताओं और आम जनता से चर्चा की।

राजे ने कहा कि इस लोकसभा क्षेत्र से मेरा तीन पीढ़ियों का रिश्ता है। इसलिए गहलोत आएं या उनकी टीम, हमारा यह मजबूत गढ़ किसी से ढहने वाला नहीं। इस क्षेत्र में कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। इस क्षेत्र के लोगों का राजनेता और कार्यकर्ताओं का नहीं, परिवार का रिश्ता है। मेरे लिए सुखद संयोग है कि मेरे सामने



यहां भाजपा परिवार की तीन पीढ़ीयां बैठी हैं। एक मेरी उम्र की। दूसरी दुष्यंत के समय की और तीसरी 18 वर्ष के नवमतदाताओं की।

इन तीन पीढ़ियों का प्यार ही हमारी असली ताक़त है, जिसे कोई नहीं छीन सकता। चाहे मैं आज मुख्यमंत्री नहीं हूं, लेकिन इस क्षेत्र का विकास वैसा ही होगा जैसा मेरे मुख्यमंत्री रहते हुआ।

## बांसवाड़ा, डूंगरपुर सहित मेवाड़ के मतदाताओं को साधने का प्रयास

# पीएम आज वागड़ में मालवीय के लिए करेंगे चुनावी सभा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बांसवाड़ा जिला मुख्यालय पर कॉलेज मैदान में विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे। वे यहां बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी महेंद्रजीत सिंह मालवीय के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही बांसवाड़ा, डूंगरपुर सहित मेवाड़ के मतदाताओं को भी साधेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी का कॉलेज मैदान में सभा का समय दोपहर 1 बजे का है। जनसभा के लिए कॉलेज मैदान में आवश्यक




व्यवस्थाएं की गई हैं। गर्मी से बचाव के लिए डोम में पानी की फुहार की लाइन लगाई गई है। विजय संकल्प सभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष लाभचंद पटेल के नेतृत्व में सभी जिला पदाधिकारी, प्रत्याशी स्वयं मालवीय, भाजपा के अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी अधिक से अधिक संख्या में बांसवाड़ा पहुंचने की तैयारी में जुटे हुए हैं। सोशल मीडिया पर भी सभा में सम्मिलित होने के लिए कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से आह्वान किया जा रहा है। इधर, प्रधानमंत्री की सभा को लेकर जिला प्रशासन स्तर पर भी तैयारी की जा रही है। जिला कलक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल ने भी शनिवार को प्रधानमंत्री की सभा के लिए तैनात अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

### मोदी 11 वर्ष बाद बांसवाड़ा में

पीएम नरेंद्र मोदी 11 वर्ष बाद बांसवाड़ा शहर में किसी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में गुजरात के मुख्यमंत्री रहते उन्होंने कुशलबाग मैदान में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया था। हालांकि प्रधानमंत्री बनने के बाद बीते वर्षों में नरेंद्र मोदी बांसवाड़ा-डूंगरपुर जिले के प्रमुख आस्था धाम बेणेश्वर और मानगढ़ धाम आ चुके हैं।

### दिलचस्प हुआ मुकाबला

दरअसल, राजस्थान की डूंगरपुर- बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर इस बार दिलचस्प मुकाबला नजर आ रहा है। यहां भाजपा ने महेंद्रजीत सिंह मालवीय को मैदान में उतारा है जो कांग्रेस में पूर्व मंत्री थे। मालवीया ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। वही बाप पार्टी ने राजकुमार रोत को मैदान में उतारा, जिनके बीच दिलचस्प मुकाबला है। इधर कांग्रेस ने बाप पार्टी को समर्थन दिया है।

## ‖ जरूरी खबर

### छह IAS अधिकारियों को अतिरिक्त चार्ज



**जयपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 में चुनाव ड्यूटी में लगे आईएएस अधिकारियों के विभिन्न विभागों का राज्य के छह आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। माइंस एंड पेट्रोलियम विभाग का अतिरिक्त कार्यभार उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा को सौंपा गया। आईएएस पूनम के सभी विभागों का चार्ज महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव डॉ. मोहनलाल यादव को, आईएएस अनिल कुमार अग्रवाल का कार्यभार आईएएस डॉ. घनश्याम को, पीएचईडी के संयुक्त सचिव बचनेश कुमार अग्रवाल के विभागों का आरएएस प्रवीण कुमार लेखरा, सौरभ स्वामी के विभाग का कार्यभार जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. के निदेशक रामावतार मीना को दिया गया है। जेडीए सचिव हेम पुष्पा शर्मा का चार्ज जयपुर ग्रेटर निगम की कमिश्नर रुक्मणी रियार को दिया गया है।

### राजस्थान रॉयल्स ने जयपुर में खोली क्रिकेट एकेडमी

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स ने जयपुर में अपनी क्रिकेट एकेडमी की शुरुआत कर दी है। शनिवार को पीएस एकेडमी और राजस्थान रॉयल्स के बीच एमओयू साइन हुआ। पीएस एकेडमी के संचालक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर पंकज सिंह ने बताया कि इस मौके पर राजस्थान रॉयल्स टीम के सीईओ जैक लूच, राजस्थान रॉयल्स एकेडमी की ग्लोबल कोच सिद्धार्थ लाहिड़ी, राजस्थान रॉयल्स टीम के तेज गेंदबाज नान्द्रे बर्गर, भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज पंकज सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। आरआर एकेडमी के ग्लोबल कोच सिद्धार्थ लाहिड़ी ने बताया कि रॉयल्स ने विदेशों में भी एकेडमी खोली है।

**अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए शुरू की सेवा**

# गर्मियों में रेलवे चलाएगा तीन जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन

**बेधड़क** | जयपुर

गर्मियों की छुटिटयों में अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे 3 जोड़ी साप्ताहिक समर स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन शुरू किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताए कि ये रेल सेवा पुणे-ढेहर का बालाजी-पुणे, दरभंगा-दौराई-दरभंगा तथा साबरमती-पटना-साबरमती हैं।



गाड़ी सं. 01433, पुणे-ढेहर का बालाजी-पुणे साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 24 अप्रैल व 1 मई को (2 ट्रिप) पुणे से 9:45 बजे रवाना होकर अगले दिन 7:45 बजे ढेहर का बालाजी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 01434, ढेहर का बालाजी-पुणे साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 25 अप्रैल से 02 मई को (2 ट्रिप) ढेहर का बालाजी से 10:30 बजे रवाना होकर अगले दिन 10 बजे पुणे पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में लोनावाला, कल्याण, कराड, वसई रोड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, दुर्गापुरा व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### दरभंगा-दौराई-दरभंगा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा

गाडी संख्या 05537, दरभंगा-दौराई स्पेशल रेलसेवा 4 मई से 29 जून तक (9 ट्रिप) दरभंगा से प्रत्येक शनिवार को 13:15 बजे रवाना होकर अगले दिन शाम 10:30 बजे दौराई पहंचेगी। गाडी संख्या 05538, दौराई-दरभंगा स्पेशल रेलसेवा 5 मई से 30 जून तक (9 ट्रिप) दौराई से प्रत्येक रविवार 23:45 बजे रवाना होकर मंगलवार को 6:50 बजे दरभंगा पहुंचेगी। यह रेल सीतामढ़ी, बेरागनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, शाहजहांपुर, बदायूं, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा, भरतपुर, बांदीकुई, जयपुर, किशनगढ़ व अजमेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### साबरमती-पटना-साबरमती साप्ताहिक स्पेशल सेवा

गाडी संख्या 09477, साबरमती-पटना स्पेशल रेलसेवा 21 अप्रैल को (1 ट्रिप) साबरमती से पौने एक बजे रवाना होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09478, पटना-साबरमती स्पेशल रेलसेवा 22 अप्रैल को (1 ट्रिप) पटना से 12:30 बजे रवाना होगी। यह रेलमेहसाना, पालनपुर, आबू रोड, मारवाड़ जंक्शन, अजमेर, फुलेरा, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, आगरा फोर्ट, टूंडला, कानपुर, लखनऊ, सुल्तानगंज, जौनपुर, वाराणसी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर व आरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

**जवाहर सर्किल थाने में शिकायत, पुलिस पर भी लगाए आरोप**

# फोर्टिस में किडनी ट्रांसप्लांट के बाद मरीज की मौत पर हंगामा

## परिजनों का आरोप- डॉक्टर ने लगाया गलत इंजेक्शन | अस्पताल ने कहा- हार्ट अटैक के कारण हुई मौत

**बेधड़क** | जयपुर

किडनी ट्रांसप्लांट के बाद एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने फॉर्टिस हॉस्पिटल में हंगामा कर दिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों पर गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाते हुए शव लेने से इनकार कर दिया। उनका का कहना है कि गलत इंजेक्शन के रिएक्शन से मौत हुई है। वहीं, अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मरीज की मौत हार्ट अटैक से हुई है। मामले की शिकायत जवाहर सर्किल थाने में भी दी, आरोप है कि थाने की तरफ से कोई एक्शन नहीं लिया गया।

उज्जवल जायसवाल ने बताया- उनके चाचा नरेश कुमार जायसवाल (47) का 23 मार्च को फोर्टिस हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। ट्रांसप्लांट के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी। 4 अप्रैल को रूटीन जांच में इंफेक्शन आने की बात कहकर हॉस्पिटल प्रशासन ने मरीज को दोबारा भर्ती कर लिया। वे तब से हॉस्पिटल में ही भर्ती थे। शुक्रवार देर शाम हॉस्पिटल प्रशासन उन्हें छुट्टी भी देने वाला था। बाद में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें आईसीयू में शिफ्ट कर दिया। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन देने के बाद नरेश की तबीयत बिगड़ गई।



#### मरीज से मिलने भी नहीं दिया

परिजनों ने आरोप लगाया कि जब हमने डॉक्टरों से अचानक तबीयत खराब होने का कारण पूछा तो उन्होंने कुछ नहीं बताया और मरीज से भी नहीं मिलने दिया। आईसीयू के बाहर सुरक्षा गार्ड और अन्य स्टाफ तैनात कर दिया। शुक्रवार को काफी बहस के बाद एक परिजन को मिलने के लिए आईसीयू में भेजा। अंदर देखा कि हॉस्पिटल का मेडिकल स्टाफ हमारे मरीज को इलेक्ट्रिक शॉट के जरिए सीपीआर दे रहा था। इसके बाद देर रात मृत घोषित कर दिया।

#### गलत NOC से ऑपरेशन का आरोप

परिजनों ने बताया- नरेश का किडनी ट्रांसप्लांट डॉक्टर जितेन्द्र गोस्वामी और उनकी टीम ने 23 मार्च को किया था। इस ट्रांसप्लांट के लिए जो एनओसी जारी हुई थी, वह भी फर्जी तरीके से जारी की थी। हालांकि, नरेश को उनकी मां ने किडनी डोनेट की थी।

#### मैनेजमेंट ने यह दी सफाई

मामले में फोर्टिस मैनेजमेंट का कहना है कि मरीज को 30 मार्च को छुट्टी दे दी गई थी। पेल्विक डिसफंक्शन और मूत्र संक्रमण के कारण 4 अप्रैल को फिर से भर्ती कराया गया था। 19 अप्रैल को एमआईसीयू में कार्डियक अरेस्ट हुआ। हमारी टीम की कोशिश के बावजूद मरीज को बचाया नहीं जा सका।

**होली मिलन समारोह का आयोजन**

## सीबीआरओए ने की पेंशनर्स के लम्बित मुद्दों पर चर्चा




**बेधड़क** | जयपुर

सेंट्रल बैंक रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन राजस्थान की ओर से विनोबा सभा ग्रह बापूनगर में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय सचिव पदम जैन बिलाला ने बताया कि समारोह में सर्व प्रथम संयुक्त महासचिव बी एस राठौड़ ने मंच पर पीआर शर्मा, एसआर खटीक, मनोज शर्मा, भंवर सिंह राठौड़ और एनके पारीक को आमंत्रित किया तथा सभी सदस्यों का शाब्दिक स्वागत किया। एन के पारीक ने अपने संबोधन में ऐसे समारोह का महत्व बताते हुए पेंशनर्स के लम्बित मुद्दों पर चर्चा की। उपस्थित सदस्यों ने फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में एनके पारीक के महासचिव के पद पर चयन तथा बीएस राठौड़, ललित शर्मा, मनोज शर्मा के विभिन्न पदों पर चयन पर अभिनंदन किया गया। समारोह धन्यवाद व हाई टी के साथ संपन्न हुआ।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**जैन बैंकर्स फोरम जयपुर की संगोष्ठी**

## महावीर के सिद्धांत आज भी उपयोगी

**बेधड़क** | जयपुर

तीर्थंकर महावीर के 2550वें निर्वाण वर्ष के दौरान उनके 2623वें जन्म कल्याणक के अवसर पर तीर्थंकर महावीर के जीवन पर दुर्गापुरा ट्रस्ट कमेटी के सहयोग से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में ताराचंद पोल्याका, जीसी जैन, केसी मलैया, ऋतिक शास्त्री, राजेंद्र काला, महावीर चांदवाड़ द्वारा चित्र अनावरण किया। संतोष चांदवाड़ एवं रेखा पाटनी ने मंगलाचरण किया। संगोष्ठी में वर्षा अजमेरा, रानी सोगानी, रेखा पाटनी, सुनीता पाटौदी ने प्रस्तुति दी। संतोष गोधा ने भजन सुनाया। पं. चंदनमल अजमेरा, जीसी जैन, पं. रितिक जैन एवं मुख्य वक्ता केसी मलैया ने भगवान महावीर के सिद्धांतों की आज के संदर्भ में उपयोगिता बताई। कार्यक्रम संयोजक भागचंद जैन मित्रपुरा ने ऑनलाइन प्रतियोगिता की जानकारी दी। राजेंद्र काला ने जैन बैंकर्स फोरम का एवं महावीर चांदवाड़ का आभार जताया।



## राज्यपाल ने की खोले के हनुमानजी की पूजा



***जयपुर।*** *राज्यपाल कलराज मिश्र शनिवार सांय को खोले के हनुमान मंदिर पहुंचे। उन्होंने वहां हनुमानजी का अभिषेक और पूजन किया। राज्यपाल ने हनुमान जी की विधिवत अर्चना कर सबके मंगल और सुख, समृद्धि की कामना की।*

**(विस्तृत समाचार पेज 09 पर)**

**अनंग त्रयोदशी विशेष**

# बिना शरीर के ही सबके प्राणों में बसने वाले अनंग रूपी भगवान कामदेव



**अशोक 'प्रवृद्ध'**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पौराणिक ग्रंथों में पुष्प निर्मित धनुष व अशोक पुष्प, श्वेत कमल, आम्रमंजरी, नवमल्लिका, और नीलकमल- इन पांच प्रकार के बाण धारण कर एक अत्यन्त सुंदर, आकर्षक व रूपवान युवक के मकर के चिन्ह से अंकित लालध्वज लगे तोते के रथ पर बैठकर भ्रमण किए जाने के अनेकशः चित्रण प्राप्य हैं। इस अत्यन्त सुंदर, आकर्षक व रूपवान युवक को प्रेम, आकर्षण व काम के देवता कामदेव की संज्ञा से अभिहित किया गया है। उनके अन्य नामों में रागवृंत, अनंग, कंदर्प, मनमथ, मनसिजा, मदन, रतिकांत, पुष्पवान, पुष्पधंव, समरहरि, चित्तहर, विष्णुनन्दन, लक्ष्मीनन्दन, मनोज आदि प्रसिद्ध हैं।

प्रेम और काम के देवता कामदेव का वर्णन महाभारत, महाभारत के खिल पर्व -हरिवंश पुराण, भागवत पुराण, विष्णु पुराण आदि ग्रंथों में अंकित हैं। भागवत पुराण के अनुसार कामदेव विष्णु और देवी लक्ष्मी के पुत्र हैं। कामदेव विवाहित हैं, और उनकी पत्नी का नाम रति है। कुछ कथाओं में कामदेव को स्वयं ब्रह्मा का पुत्र बताया गया है। उनका संबंध शिव से भी है। कुछ कथाओं में धर्म की पत्नी श्रद्धा को इनकी माता बताया गया है। महाभारत के हरिवंश पुराण के अनुसार कामदेव और रति के दो पुत्र हर्ष और यश हैं। कतिपय पुराणों में कामदेव को यक्ष की संख्या भी दी गई है। कामदेव को अनंग भी कहा जाता है। अर्थात यह बिना शरीर के ही प्राणियों में बसते हैं। कामदेव इतने मारक हैं, इतने शक्तिशाली हैं कि इनके वाणों का कोई कवच नहीं है। उनके लिए किसी प्रकार के कवच की कल्पना नहीं की गई है। कामदेव को स्वर्ग के देवताओं के मन में काम इच्छा उत्पन्न करने के लिए उत्तरदायी माना जाता है। कामदेव का धनुष प्रकृति के सबसे अधिक मजबूत उपादानों में से एक है। यह धनुष मनुष्य के काम में स्थिरता-चंचलता जैसे विरोधाभासी अलंकारों से युक्त है।

इसीलिए इसका एक कोना स्थिरता का और एक कोना चंचलता का प्रतीक होता है। वैष्णव परंपरा में कामदेव को कृष्ण का आध्यात्मिक रूप माना जाता है। उन्हें काम का देवता माना जाता है। मान्यता है कि कामदेव का जन्म माघ शुक्ल पंचमी अर्थात वसंत पंचमी को नलगिर में हुआ था। बसंत पंचमी के दिन कामदेव के पूजन की परिपाटी है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार बसंत कामदेव का मित्र है। इसी कारण कामदेव का धनुष भी फूलों से बना है। यही कारण है कि बसंत ऋतु को प्रेम की ऋतु कहा जाता है। इस धनुष की कमान स्वर विहीन होती है। कामदेव के कमान से तीर छोड़ने पर उसकी आवाज नहीं होती। इसका अर्थ यह है कि काम में शालीनता जरूरी है।

> *कामदेव का माथा धनुष के समान है, जो अपने भीतर चंचलता समेटे होता है, लेकिन यह पूर्णरूपेण स्थिर होता है। माथा पूरे शरीर का सर्वोच्च हिस्सा है, यह दिशा-निर्देश देता है। हाथी को कामदेव का वाहन माना गया है। कुछ ग्रंथों में कामदेव को तोते पर बैठे हुए भी बताया गया है।*



तीर कामदेव का सबसे महत्वपूर्ण शस्त्र है। यह जिस किसी को बेधता है उससे पूर्व न तो आवाज करता है और न ही शिकार को संभलने का मौका देता है। इस तीर के तीन दिशाओं में तीन कोने होते हैं, जो क्रमशः तीन लोकों के प्रतीक माने गए हैं। इनमें एक कोना ब्रह्म के अधीन है, जो निर्माण का प्रतीक है। यह सृष्टि के निर्माण में सहायक होता है। दूसरा कोना विष्णु के अधीन है, जो ओंकार या उदर पूर्ति (पेट भरने) के लिए होता है। यह मनुष्य को कर्म करने की प्रेरणा देता है। कामदेव के तीर का तीसरा कोना महेश (शिव) के अधीन होता है, जो मकार अर्थात मोक्ष का प्रतीक है। यह मनुष्य को मुक्ति का मार्ग बतलाता है, अर्थात काम न सिर्फ सृष्टि के निर्माण के लिए जरूरी है, प्रत्युत मनुष्य को कर्म का मार्ग बतलाने और अंत में मोक्ष प्रदान करने का मार्ग भी सुझाता है। कामदेव के धनुष का लक्ष्य विपरीत लिंगी होता है। इसी विपरीत लिंगी आकर्षण से बंधकर पूरी सृष्टि संचालित होती है। कामदेव का एक लक्ष्य स्वयं काम हैं, जिन्हें पुरुष माना गया है, जबकि दूसरा रति हैं, जो स्त्री रूप में जानी जाती हैं। कवच सुरक्षा का प्रतीक है। कामदेव का रूप इतना बलशाली है कि इसकी सुरक्षा नहीं किए जाने से यह विप्लव ला सकता है। इसीलिए यह कवच कामदेव की सुरक्षा से निबद्ध है। सामाजिक बुराइयों और भयंकर बीमारियों को दूर रखने के लिए सुरक्षित काम प्राकृतिक व्यवहार के लिए आवश्यक माना गया है। पौराणिक कथाओं में कामदेव के नयन, भौं और माथे का विस्तृत वर्णन मिलता है। उनके नयनों को बाण अथवा तीर की संज्ञा दी गई है।

शारीरिक रूप से नयनों का प्रतीकार्थ ठीक उनके शस्त्र तीर के समान माना गया है। उनकी भवों को कमान की संज्ञा दी गई है। ये शांत होती हैं, लेकिन इशारों में ही अपनी बात कह जाती हैं। इन्हें किसी संग अथवा सहारे की भी आवश्यकता नहीं होती। मुदगल पुराण के अनुसार कामदेव का वास यौवन, स्त्री, सुंदर फूल, गीत, परागकण, फूलों का रस, पक्षियों की मीठी आवाज, सुंदर बाग -बगीचे, बसंत ऋतु, चंदन, काम वासना में लिप्त मनुष्य की संगति, छुपे अंग, रहने के सुंदर स्थान, आकर्षक वस्त्र, और सुंदर गहने धारण किए शरीर एवं स्त्रियों के शरीर में होता है। कामदेव स्त्रियों के नयन एवं होठों पर वास करते हैं।

**जरूरी खबर**

## अवैध शराब से भरा ट्रेलर पकड़ा, चालक गिरफ्तार



**सिरोही।** आबूरोड रीको थाना पुलिस ने शनिवार को अवैध शराब से भरे ट्रेलर को पकड़ा और एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 541 पेटी अवैध शराब जब्त की है। इसकी बाजार कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई जा रही है। थानाधिकारी सीताराम ने बताया कि आरोपी ने ट्रेलर में पशु आहार के कट्टों को नीचे हरियाणा निर्मित शराब भर रखी थी। पुलिस ट्रेलर चालक सुरेश पुत्र रामप्रताप जांगिड़ निवासी बारडा, महेंद्रगढ़ को गिरफ्तार कर पूछताछ में जुटी है।

## चौथी मंजिल से नीचे गिरे मजदूर की मौके पर मौत

**सिरोही।** जिला मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर शिवगंज तहसील के पालड़ी एम थाना क्षेत्र में संचालित मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल पर कार्य कर रहे श्रमिक की नीचे गिरने से मौत हो गई। पालड़ीएम थाना क्षेत्र में आम्बेश्वरजी के पास राजकीय मेडिकल में शनिवार दोपहर को चौथी मंजिल पर प्लास्टर का कार्य करते समय अचानक नीचे गिरने से श्रमिक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार श्रमिक की सुरक्षा के लिए किसी तरह की कोई व्यवस्था नहीं थी। श्रमिक सिर के बल नीचे गिरा, हेलमेट नहीं होने की वजह से उसे सिर पर गंभीर चोट लगी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## अनियंत्रित होकर पलटी कार, पांच लोग घायल



**बीकानेर।** जिले के नाल थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। अपने किसी रिश्तेदार के गमी में शामिल होने जा रहे लोगों की कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए, घायलों में कुछ की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी लोग सुबह अपने किसी रिश्तेदार के गमी में शामिल होने कोलायत के भोजूसर जा रहे थे। बच्छासर के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गई। ग्रामीणों ने घायलों को पीबीएम अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल घायलों में दो की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। विमला, लक्षिता, विमला देवी, शोभा, सरोज और रामकुमार घायल हुए हैं।

### साबरमती-आगरा कैंट ट्रेन के मालगाड़ी से टकराने के मामले में पांच कर्मचारियों को दोषी माना

# जीएम को सौंपी जांच रिपोर्ट, रेड सिग्नल को किया था ओवरशूट

**बेधड़क** | अजमेर

अजमेर में साबरमती-आगरा कैंट ट्रेन के मालगाड़ी से टकराने के हादसे के मामले में जांच टीम ने रेलवे जीएम अमिताभ को रिपोर्ट सौंप दी है।

जांच में हादसे के लिए पांच कर्मचारियों को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने के अनुशंसा की गई है।

रेलवे जीएम ने रिपोर्ट स्वीकार कर ली है। पिछले महीने 17 मार्च की रात 1 बजे मदार स्टेशन से कुछ पहले ट्रेन संख्या 12548 साबरमती (अहमदाबाद) आगरा कैंट जाने वाली ट्रेन का इंजन इस ट्रैक पर आगे चल रही मालगाड़ी के पीछे टकरा गया था। इस हादसे में साबरमती ट्रेन का इंजन और 4 डिब्बे पटरी से उतरकर गए थे।



### 4 सदस्य टीम ने की जांच

इस हादसे से रेलवे में हड़कंप मच गया था। हादसे की गंभीरता को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक अमिताभ ने मुख्यालय स्तर पर जांच के आदेश दिए थे। जांच के लिए प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी आरएस रनोत के नेतृत्व में उच्च चार सदस्य टीम गठित की गई थी। समिति ने इस हादसे की जांच करने के लिए समिति सदस्य अजमेर आए। यहां दो दिनों में समिति ने करीब 250 कर्मचारियों के बयान दर्ज और रिकॉर्ड किए थे। साथ ही अन्य बिंदुओं और पहलुओं पर विचार विमर्श करने के बाद समिति ने एक महीने बाद अपनी रिपोर्ट जीएम को सौंप दी है।

### लोको पायलट और सहायक लोको पायलट की गलती

सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट में जांच समिति ने पाया की हादसा लोको पायलट और सहायक लोको पायलट की गलती के कारण हुआ है। लोको पायलट व सहायक लोको पायलट ने रेड सिग्नल को ओवरशूट कर दिया। रेलवे ट्रैक पर पॉइंट मालगाड़ी के लिए सेट हुए थे। लोको पायलट साबरमती ट्रेन को भी उसी ट्रैक पर ले गया। आगे ट्रैक पर ट्रेन खड़ी देखकर उनके होश उड़ गए। लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए लेकिन फिर भी वह मालगाड़ी के पीछे जाकर टकरा गया और ट्रेन का इंजन और डिब्बे मालगाड़ी से रगड़ खाते हुए पटरी से उतर गए। सूत्रों के अनुसार जांच में पांच कर्मचारियों को दोषी माना गया है। इसमें साबरमती ट्रेन के लोको पायलट नागा राम, सहायक लोको पायलट सुवालाल को मुख्य दोषी माना गया है। इन्हें गंभीर शासित पत्र दिया जाएगा। यह रेलवे में सबसे बड़ी सजा है।

### 'ब्लेम वर्दी' की दी जाएगी सजा

जांच में लोको इंस्पेक्टर सुमेर सिंह को भी दोषी माना गया है। उसे भी शासित पत्र दिया जाएगा। इसमें कम सजा का प्रावधान है। जांच समिति ने स्टेशन मास्टर मदर और लोको इंस्पेक्टर को भी "ब्लेम वर्दी" की सजा दी है। यानी उन्होंने अपने पद के कार्य के प्रति लापरवाही बरतते हुए वर्दी को बदनाम किया है। इस मामले में उन्हें केवल चेतावनी देकर छोड़ दिया जाएगा। लेकिन उन्हें दी गई सजा का सर्विस रिकॉर्ड में इंद्राज जरूर किया जाएगा।

### प्रदेश भाजपा प्रभारी सहस्त्रबुद्धे ने विपक्ष पर साधा निशाना

# सियासी लाभ के लिए कांग्रेस ने संविधान के सूत्रों को नकारा

**बेधड़क** | अजमेर

प्रदेश भाजपा प्रभारी विनय प्रभाकर सहस्त्रबुद्धे ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संविधान निर्माताओं के सपनों को पूरा करने का काम किया है, जबकि कांग्रेस ने संविधान के सूत्रों को नकार कर संकीर्ण राजनीति का परिचय दिया है। दरअसल, सहस्त्रबुद्धे शनिवार को अजमेर के दौरे पर रहे। यहां वैशाली नगर में मीडियाकर्मियों से मुखातिब हुए सहस्त्रबुद्धे ने बड़ा दावा किया।

उन्होंने कहा कि राज्य में लोकसभा चुनाव का पहला चरण संपन्न हो चुका है। अभी दूसरे चरण के तहत 13 सीटों पर आगामी 26 अप्रैल को मतदान होना है। बावजूद इसके प्रदेश की जनता की मूड को देखते हुए यह साफ हो गया है कि भाजपा यहां की सभी 25 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। आगे भाजपा के 400 पार सीट आने पर संविधान को बदलने संबंधित कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियों के आरोपों का जवाब देते हुए सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि हमारे संविधान के प्रति प्रतिबद्धता पर कोई संदेह या फिर कोई उंगली नहीं उठा सकता है। समान नागरिकता कानून भी डॉ. भीमराव अंबेडकर का सपना था। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार इस दिशा में निर्देश भी दिए, फिर भी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। वहीं। मोदी सरकार ने इस दिशा में भी सार्थक कदम उठाया। इसके अलावा तीन तलाक की पीड़ा से मुस्लिम महिलाओं को मुक्त कराया गया।

■ **भाजपा ने बाबा साहेब अंबेडकर के सपनों को किया साकार**



### कांग्रेस पर कसा तंज

उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में समान नागरिकता कानून की बात रखी है। वहीं, कांग्रेस संविधान के सूत्रों को नकारते रही है, क्योंकि कांग्रेसी संकीर्ण राजनीति के घेरे से बाहर नहीं निकल पाए। सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि हमें जन्म पर आधारित ऊंच नीच की भावना को खत्म करना है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जब एक ही घराने तक पार्टी की अध्यक्षता को सीमित रखते हैं तो आप जन्म पर आधारित ऊंच नीच को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवाद को मानने वाले सभी दलों के मुख्य घराने का एक शिशु पालने में है। वो 30 साल बाद पार्टी का अध्यक्ष बनने वाला है। वो सभी दल बाबा साहेब के सपनों को चूर-चूर करके विपरीत काम कर रहे हैं। विपक्ष की ओर से संविधान को लेकर अनाप-शनाप अफवाहें फैलाई जा रही है, लेकिन किसी को इससे भ्रमित होने की जरूरत नहीं है।

### पहले चरण के मतदान को लेकर कही ये बात

सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि जब सरकार बदलनी होती है तो लोग जोर शोर से वोटिंग करते हैं, जबकि सरकार वही रखनी है तो फिर लोगों में उत्साह थोड़ा कम होता है। लोगों भी जानते हैं कि भाजपा सरकार बनाने जा रही है। यही वजह है कि लोगों की सक्रियता मतदान के प्रति कम दिखी। इसके अलावा अन्य कारण भी रहे, जैसे अत्याधिक गर्मी और शादी का सीजन है। इस कारण भी मतदान कम हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन मजबूत है। शक्ति केंद्र से लेकर बूथ स्तर तक भाजपा की रणनीति मजबूत है। भाजपा के मतदाता को सुबह बूथ पर बुलाने और मतदान करवाने का काम पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बखूबी किया है। मतदान कम होने से भाजपा को कोई नुकसान की संभावना नहीं है।

### 1008 दीपकों से होगी महाआरती

# महावीर जन्मोत्सव पर प्रभात फेरी आज

■ **ध्वजारोहण के बाद निकलेगा जुलूस**



**बेधड़क** | अजमेर

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव चैत्र शुक्ल तेरस पर रविवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर रथयात्रा जुलूस निकाला जाएगा। इस बार महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में वृषभानंद महाराज, सदानंद महाराज, पूर्णानंद महाराज का सानिध्य मिलेगा।

रविवार को प्रातः 5:30 बजे जैन मंदिर केसरगंज में राजा सिद्धार्थ के दरबार में ब्राह्मी महिला मंडल की ओर से बधाइयां गाई जाएगी। सात बजे केसरगंज जैन मन्दिर से भगवान महावीर स्वामी की प्रभातफेरी निकाली जाएगी। जो कि केसरगंज जैन मन्दिर से प्रारम्भ होकर दैनिक नवज्योति रोड, बाबू मोहल्ला, सेन्ट एन्सलम स्कूल, केसरगंज गोल चक्कर, आदिनाथ मार्ग पड़ाव, कबीर मार्ग, टीकमगंज, स्टेशन रोड, पुलिस चौकी केसरगंज होते हुए पुनः जैन मन्दिर पहुंचेगी। साथ ही सभी झांकियों को सांत्वना पुरस्कार भी मन्दिर कमेटी की ओर से दिए जाएंगे। इसी क्रम में रात्रि में सात बजे मंदिर में महावीर भगवान की 1008 दीपकों से व लेजर लाइट से महाआरती की जाएगी।

8.30 बजे महावीर स्वामी की रथयात्रा का जूलूस दिगम्बर जैसवाल जैन मन्दिर केसरगंज से शुरू होकर संत फ्रांसिस अस्पताल रोड, राजकीय महाविद्यालय चौराहा से मदनगोपाल रोड, स्टेशन रोड, मदार गेट, गांधी भवन, चूड़ी बाजार, नया बाजार, चौपड़, कड़क्का चौक, धानमंडी, दरगाह बाजार, नला बाजार, मदार गेट, पड़ाव होता हुआ केसरगंज जैन मंदिर पर संपन्न होगा।

### शांति धारीवाल ने भाजपा प्रत्याशी पर लगाए आरोप

# कांग्रेस के कामों को अपना बताकर वोट मांग रहे हैं ओम बिरला

**बेधड़क** | कोटा

राजस्थान सरकार में मंत्री रहे शांति धारीवाल अपने धुर विरोधी रहे प्रहलाद गुंजल के लिए वोट मांग रहे हैं। कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम कर उन्हें कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आग्रह कर रहे हैं।

प्रहलाद गुंजल के समर्थन में संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शांति धारीवाल ने भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला पर तीखे हमले भी किए हैं। धारीवाल ने कहा कि बिरला कह रहे हैं कि नोनेरा बांध व बूंदी में मेडिकल



कॉलेज उन्होंने बनवाया है, जबकि यह कांग्रेस के सरकार में बनना शुरू हुए हैं। बांध से गांव में पानी जरूर जाएगा, यह भी उन्होंने अपने खाते में लिख लिया है। उन्होंने कहा कि बिरला दावा करते हैं कि सात तालाबों का जीर्णोद्धार करवाया है, लेकिन एक भी तालाब का करवाया हो तो बता दें। ट्रिपल आईटी की घोषणा कांग्रेस के शासन में हुई, लेकिन बिरला ने अपनी उपलब्धि बता रखा है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई तब ट्रिपल आईटी मजबूत हुई थी।

इस प्रकार उन्होंने सारी फर्जी लिस्ट बनाकर दे दी। कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने जो योजनाएं लॉन्च की थी, बिरला ने उनको अपनी बता दी। उन्होंने कहा कि बिरला बताएं कि केंद्र सरकार के जरिए उन्होंने क्या-क्या काम करवाया है।

### सिरोही में हादसा, हाइवे पर लगा एक किमी लंबा जाम

# ट्रेलर और टैंकर की भिड़ंत, जिंदा जला युवक

**बेधड़क** | सिरोही

जिले में शनिवार को एक भीषण हादसा हुआ। इस हादसे में एक युवक जिंदा जल गया। जानकारी के अनुसार सिरोही जिले के कांडला हाईवे स्थित गुलाबगंज-सिरोडी मार्ग पर शनिवार दोपहर को एक टैंकर और ट्रेलर की भिड़ंत के बाद भीषण आग लग गई।



इन दोनों वाहनों के पीछे चल रहे वाहन से एक अन्य ट्रेलर भी टकरा गया। हादसे में टैंकर चालक की जलने से मौत हो गई। हादसे के कारण कुछ देर तक हाई पर वाहनों की आवाजाही भी थम गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस राहत-बचाव कार्य में जुटी है। बताया गया कि टक्कर के बाद दोनों ही वाहनों से आग के गुब्बार निकलने लगे। सूचना पर अनादरा पुलिस मौक़े पर पहुँची और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हादसे के बाद हाइवे पर क़रीब एक किलोमीटर लम्बा जाम लग गया। अनादरा थानाधिकारी हिंगलाजदान ने बताया की कांडला हाइवे पर टैंकर और ट्रेलर की टक्कर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर मौजूद भीड़ को दूर किया। ग्रामीणों ने टैंकर से आग बुझाने का प्रयास किया। घटना की सूचना दमकल को दी गई जिसपर दमकल के पहुंचने के बाद आग पर क़ाबू पाया गया। आग पर क़ाबू पाने के बाद टैंकर में एक कंकाल मिला। अब तक इसकी पहचान नहीं हो पाई है। प्रत्यक्षदर्शी इकबाल खान ने बताया कि ट्रेलर उसके वाहन के आगे चल रहा था एवं सामने की तरफ़ से आ रहा टैंकर ओवरटेक करते हुए आगे चल रहे ट्रेलर से आमने-सामने टकरा गया। इसके बाद पीछे चल रहा ट्रेलर भी उससे टकरा गया। सामने हुई टक्कर को देख उसने अपना वाहन रोक कर दोनों वाहनों के पास पहुंचा। तब तक ट्रेलर के अंदर के दोनों व्यक्ति बाहर निकल चुके थे। वहीं टैंकर के अंदर से एक व्यक्ति को उसने बाहर निकाल दिया, पर जब तक वह वापस पहुंचता तब तक दोनों ही वाहनों में आग लग चुकी थी।

### पूर्व सीएम ने उदय लाल आंजना के समर्थन में की जनसभा

# हमारी योजना को आज भी याद कर रहे लोग: गहलोत

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

राजस्थान में दूसरे चरण के चुनाव को लेकर कांग्रेस के स्टार प्रचार ताबड़तोड़ प्रचार में जुट गए हैं। इसी क्रम में चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र के भींडर इलाके में आज राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस उम्मीदवार उदय लाल आंजना के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान अशोक गहलोत ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ईडी और इनकम टैक्स का गलत इस्तेमाल कर रही है और विपक्ष के नेताओं पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हमने अभूतपूर्व योजनाएं दी थी, आज प्रदेश की जनता चिरंजीवी जैसी योजना को याद कर रही है।




### कटारिया और देवनानी तोड़ रहे संवैधानिक मर्यादा

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा- ये वोट खरीदते है। मध्यप्रदेश, कर्नाटक में ऐसा ही किया है। राजस्थान में हमें 34 दिन होटल में रहना पड़ा लेकिन हमने इनकी दाल नहीं गलने दी। जनता का आशीर्वाद मेरे साथ था इसलिए ऐसा हुआ। वे बोले- लोकसभा के पहले चरण में कांग्रेस जीत रही। गहलोत ने उदयपुर के शोभागपुरा में वाटिका में जनसभा को संबोधित किया। गहलोत ने कहा कि ये लोग ईडी, आईटी, सीबीआई का मिस यूज करते है। यहीं लोग बीजेपी में जाते है तो साफ हो जाते है। गहलोत बोले- बीजेपी वॉशिंग मशीन की तरह हो गई, पहले जिनको गलत बताती, बाद में उन्हें अपनी पार्टी ले लेती और वे तब वे सही हो जाते।

### हर साल 30 लाख नौकरियों का वादा

पूर्व सीएम गहलोत ने कांग्रेस के न्याय पत्र का हवाला देते हुए कहा कि मोदी की दो करोड़ नौकरियों की गारंटी और 15 लाख रूपये के जुमले कहीं गायब हो गए हैं। लेकिन कांग्रेस ने हर साल 30 लाख नौकरियों का वादा किया है। साथ ही कांग्रेस नेता ने कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं के साथ कुठाराघात किया है।

### मंदिर दर्शन कर उदयपुर निकले गहलोत

कांग्रेस नेता अशोक गहलोत वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र के सवना गांव पहुंचे। जहां सवना बावजी मंदिर में दर्शन किये। गहलोत के पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना ने भी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान वल्लभनगर की पूर्व विधायक प्रीति शक्तावत, मंडल अध्यक्ष मावाराम पटेल, दिलीप जारौली आदि ने भी संबोधित किया। इसके बाद अशोक गहलोत उदयपुर में कांग्रेस प्रत्याशी ताराचंद मीणा के समर्थन में आयोजित जनसभा में भाग लेने के लिए रवाना हुए।

# पायलट ने दलित परिवार के घर किया भोजन

**बेधड़क** | सवाई माधोपुर

सवाई माधोपुर लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस के सभी बड़े नेता अपनी पार्टियों के प्रत्याशियों के लिए धुंआधार प्रचार-प्रसार करने में जुटे हुए हैं।

चुनाव प्रचार के व्यस्त कार्यक्रमों के चलते नेताओं को समय पर भोजन करना भी नसीब नहीं हो रहा। दोनों ही प्रमुख पार्टियों के बड़े नेता कभी चलती कार में तो कभी हेलीकॉप्टर में तो कभी किसी कार्यकर्ता के घर पर भोजन करते दिखाई दे रहे हैं।

दरअसल, सचिन पायलट शुक्रवार को टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा के समर्थन में प्रचार कर रहे थे। पायलट पहले चौथ का बरवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने एक




चुनावी सभा को संबोधित किया। उसके बाद पायलट बामनवास क्षेत्र के खेड़ली गांव पहुंचे, वहां भी उन्होंने हरीश मीणा के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया।

# महावीर के सिद्धांत ही विश्व शांति के लिए प्रासंगिक



**भागचंद जैन मित्रपुरा**
अध्यक्ष, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर।

> "तीर्थंकर महावीर के सिद्धांतों की सर्वकालीन उपादेयता सर्वसिद्ध हैं
> ***विध्वंश को रोकने का कारगर हथियार एक मात्र अहिंसा है ।***
> वीर निर्वाण संवत सबसे प्राचीन"



जैन धर्म अनादि, शास्वत धर्म है। इस काल में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ थे एवं अन्तिम 24वें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर है। भगवान महावीर का जन्म 599 ई.पूर्व क्षत्रीय कुण्डाग्राम (कुण्डलपुर-वैशाली) वर्तमान बिहार राज्य में हुआ था। इनके पिता का नाम राजा सिद्धार्थ एवं माता का नाम रानी त्रिशला था। वर्हदमान के जन्म के समय स्वर्गलोक से जन्मोत्सव मनाने आए सौधर्म इंद्र ने बालक की शक्ति को अनुभव किया और वीर नामकरण कर दिया। महावीर के जन्म के साथ ही राज्य समृद्ध होने लगा एवं चारो ओर राज्य की कीर्ति फैलने लगी, इसे देखते हुए बालक का वर्धमान नाम रखा गया। कालांतर में दो चारण ऋद्धिधारी मुनियों का शंका समाधान वर्धमान को देखते ही स्वतः ही हो गया, उन्होंने वर्धमान को सन्मति नाम से पुकारा। गजशाला के एक मदोन्मत्त हाथी को वश में करने पर अतिवीर कहलाए। संगम देव द्वारा भयंकर सर्प का रूप धारण कर वर्धमान की शुरवीरता की परीक्षा ली। सर्प को वश में कर लेने पर महावीर के नाम से जाने जाने लगे। महावीर जन्म से परोपकार में लग गए थे। भगवान महावीर का जन्म ऐसे समय में हुआ जब कर्मकांडों का बोलबाला था एवं यज्ञों में जीवित पशुओं की बलि दी जाती थी। महावीर धीरे धीरे बढ़े होने लगें। उन्हें अपने आत्म कल्याण का समझ में आने लगा था। इस संसार को निस्सार मानते हुए भोगों में कभी प्रवृत्त नहीं हुए और आत्म चिंतन में लीन रहने लगे। तीस वर्ष की अवस्था में ही गृह त्याग कर वन की ओर प्रस्थान कर आत्म ध्यान में लीन हो गए। लगातार 12 वर्ष 5 माह एवं 15 दिन तक तप, संयम एवं साम्यभाव की साधना की, पंचमहाव्रत आत्मसात किया। एक दिन ऋजुकूला नदी के किनारे आत्म ध्यान में लीन थे तब अपने घातिया कर्मो का नाश कर उन्हे वैशाख शुक्ला दशमी के दिन सम्पूर्ण ज्ञान, केवल ज्ञान प्राप्त हुआ। इन्द्र की आज्ञा पाकर धनपति कुबेर ने समवशरण की रचना की। लेकिन गणधर के अभाव में छयाछ्ठ दिन तक उनकी दिव्य ध्वनि नहीं खिरी। इंद्रभूति नामक ब्राह्मण के समवशरण में आने पर भगवान की दिव्य वाणी खिरी एवं इंद्रभूति के प्रश्न का उत्तर देते हुए प्रथम उपदेश में जीव के स्वरूप का ज्ञान कराया। इंद्रभूति ही भगवान के प्रथम गणधर बने जो गौतम गणधर के नाम से प्रसिद्ध हुए। तीर्थंकर के 10 और गणधर बने। इनके समवशरण में देव, नर, तिर्यंच गति के जीवों ने सदुपदेश प्राप्त किया। भगवान अर्ध-मागधी भाषा में तत्वों का उपदेश करते थे और गौतम गणधर उसे ग्रंथ रूप में संकलित करते थे।

महावीर ने 30 वर्षों तक देश के विविध अंचलों में पद विहार कर संत्रस्त मानवता के कल्याण हेतु अहिंसा, सत्य, अचौर्य, अपरिग्रह व ब्रह्मचर्य धर्म को आम जन में प्रसारित किया। रत्नत्रय की अवधारणा से परिचित कराया। पदार्थों का यथार्थ श्रद्धान करना समयग्दर्शन, पदार्थों को यथार्थ जानना सम्यग्ज्ञान, पाप रहित यत्नाचार पूर्वक प्रवृति करना सम्यक्चारित्र से ज्ञानामृत का पान कराया। नय-प्रमाण और निक्षेपों से वस्तु का स्वरूप बतलाया। पूर्णज्ञानी योगी भगवान महावीर ने वैदिकी हिंसा - बलि तथा अन्य कुरुतियों को बंद कराया। भगवान महावीर धर्म का प्रचार करते करते पांवापुर आए, वहां योग - निरोध कर आत्मध्यान में लीन हो विराजमान हो गए। अघातिया कर्मो का नाश कर कार्तिक कृष्ण अमावस्या के दिन प्रातःकाल के समय 72 वर्ष की अवस्था में, ईसा से 527 वर्ष पूर्व निवार्ण प्राप्त किया। इस दिवस को दीपावली के रूप में मनाते है।

भगवान महावीर एक विलक्षण सम्पूर्ण जीवन दृष्टा थे। उन्होंने कर्म सिद्धांत को अपनाया, कर्म करने पर ज़ोर दिया। यह संदेश दिया कि मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है। इस तरह ईश्वर की सत्ता की जगह हम सब में ईश्वर बनने की क्षमता का संचार किया । यह संदेश दिया कि हमारे सुख- दुख के लिए हम स्वंय ज़िम्मेदार है । हमारे द्वारा किये गये कर्मों का फल हमें स्वयं ही भोगना है ।

भगवान महावीर के सिद्धांतों में से वर्तमान परिपेक्ष में अहिंसा, अनेकांतवाद व अपरिग्रह की विशेष उपयोगिता है।

भगवान महावीर ने अहिंसा के सूक्ष्म से सूक्ष रूप का व्यापक विश्लेषण किया है । अहिंसा को जीवन शुद्धि का आधार बताया है । जीवों के परस्पर उपकार होते हैं । सभी जीव एक दूसरे पर आश्रित है। किसी के प्रति मन मे बुरे विचार आना, बदले की भावना से सोचना आदि को भी हिंसा की श्रेणी मे माना गया। विचारो से ही हमारी मनस्थिति विकसित होती है एवं तदनुसार हम प्रतिक्रिया देते है। सभी को जीने का अधिकार है। शान्तिपूर्ण जीवन के लिए अहिंसात्मक आचरण की आवश्यकता है। यदि संसार के तथाकथित शक्ति के केंद्र जैन धर्म के अहिंसा के सिद्धांत के ऊपरी आवरण का भी पालन कर ले या समझ भी ले तो रूस एवं यूक्रेन, चीन एवं ताईवान, फिलिस्तीन (हमास) एवं इजराइल, आदि देशों के बीच जारी भीषण विभित्सिका को रोका जा सकता है। युद्ध का अंत अवश्यंभावी है, लेकिन अहिंसा से ही संभव है। अहिंसा पालन जैन धर्म का एकाधिकार नहीं है, लेकिन मार्ग दर्शक जरूर है। सभी को अहिंसा के मार्ग पर आना होगा, इसके बिना और कोई दूसरा उपाय नहीं है। हमें किसी को भी मारने का अधिकार नहीं है। जैसे कि कुछ मानव मूक पशु-पक्षियों को मारकर खाना अपना अधिकार समझते है। यदि ऐसा है तो मानव अपने से निर्बल व्यक्ति को अपनी स्वार्थ पूर्ति हेतु मारने में एवं एक शक्तिशाली देश अपने से कमज़ोर देश को नष्ट करने मे नहीं हिचकिचायेगा और ये सिलसिला चलता रहेगा। इसका अन्त अन्ततः सृष्टि के विनाश के रूप में होगा। लेकिन महावीर ने सह अस्तित्व की अवधारणा को जन्म देकर इस सृष्टि को विनाश मार्ग पर जाने से बचा लिया, क्योंकि वर्तमान मे बहुत से लोग भगवान महावीर के सिद्धान्तों की येनकेन प्रकारेण पालन करते है। जीने का अधिकार प्राणी मात्र को है। किसी दूसरे के अच्छे जीवन की कामना से ही स्वयं का जीवन ख़ुशहाल हो सकता है, यही सत्य है। मन, वचन और कर्म से अहिंसा को आत्मसात करने का संदेश समाज में स्थाई शान्ति के लिए महत्वपूर्ण है। भगवान महावीर ने किसी और पर विजय प्राप्त करने की बजाय, जिसकी कोई आवश्यकता भी नहीं है, स्वयं पर विजय प्राप्त करने की प्रेरणा दी। दूसरों का बुरा चाहकर कोई भी अपना भला नहीं कर सकता है। भगवान महावीर की अहिंसा के अमोघ हथियार को महात्मा गाँधी ने अपनाया और भारत को शक्तिशाली अंग्रेज़ों की दासता से मुक्त कराया।

कोरोना काल ने महावीर के उपदेशों की प्रासंगिकता सर्व सिद्ध कर दी है। तीर्थंकर महावीर ने हमें अनेकांतवाद का दर्शन दिया। अनेकांत दृष्टि हमें सहिष्णु बनाती है, जीओ और जीने दो या सह अस्तित्व का उदार भाव प्रदान करती है। भगवान महावीर के अनुसार सबसे बड़ी बुराई वैचारिक मतभेद की है, और आज दुनिया इसी कारण संघर्ष कर रही है। वैचारिक मतभेद अनेक समस्याओं की जड़ है। महावीर ने मताग्रह छोड़ने एवं विचारों मे समानता तथा सहिष्णुता पैदा करने पर बल दिया। अनेकांत का अर्थ है वस्तु को अनेक गुणों या धर्मों में देखना। अनेकेअन्ताः धर्म्मः यस्मिन् स अनेकांत। महावीर ने कहा कि वस्तु के अनंत धर्मों और पर्यायों को अनन्त चक्षुओं से देखो, किसी एक कोण से नहीं। अनेकांत का सिद्धान्त पारस्परिक सौहार्द को बढ़ाता है मनमुटाव, द्वेष व जलन को दूर करता है। इस सिद्धांत को अपनाने से स्वयं, परिवार, समाज, देश व सम्पूर्ण विश्व में वैचारिक आतंकवाद का ख़ात्मा किया जा सकता है। यह अवधारणा सभी समस्याओं का समाधान प्रदान करती है। भगवान महावीर अपरिग्रह का सिद्धान्त सीमित संसाधनों के साथ जीवन यापन करना सिखाता है। अधिक सम्पत्ति एकत्र करने के लिए हिंसा, झूठ, चोरी तथा कुशील का सहारा लेना पड़ता है। तनाव, चिन्ता और बीमारियों की जड़ परिग्रह है। यहाँ तक कहा गया है कि दान देने के लिए भी संग्रह नहीं करना चाहिए।

जैन दर्शन एक नया चिंतन देता है। रत्नत्रय सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान एवं सम्यक् चारित्र तीनों सही रूप में जीवन में उतारेंगे तभी जीवन की सार्थकता होगी एवं मोक्ष मार्ग प्रशस्त होगा। भगवान महावीर ने अपने जीवनकाल में सामाजिक कुरीतियों की समाप्ति की दिशा में इन सिद्धांतों का प्रयोग किया। उन्होंने स्त्रियों के उत्थान के लिए दासता, सामाजिक समता, समान दर्जा आदि के लिए शुरूआत की। वर्तमान में महिला सशक्तिकरण के साथ स्वच्छता, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, जनसंख्या नियन्त्रण जैसे अभियानों के संदर्भ में भगवान महावीर के सिद्धांत अत्यधिक प्रासंगिक हो गये है। यद्यपि भगवान महावीर ने ईसा से 599-527 वर्ष पूर्व लोगों के जीवन दर्शन की राह दिखलाई थी तथापि 2550 वर्ष पश्चात भी उनके बताये गये सिद्धांत पूर्णतः प्रासंगिक है। सार्वकालिक है, सार्वभौमिक है, कल-आज और कल हर समय उपयोगी है। कोरोना काल में महावीर के सिद्धान्त व जैन जीवन शैली पूर्णतया कारगर रही है।

जैन धर्म केवल जैनियों का ही धर्म नहीं है, जैन धर्म के सिद्धान्तों की पालना करके कोई भी जैन बन सकता है एवं अपना जीवन सार्थक कर सकता है। क्या किसी भी जीव को सताए बिना, मारे बिना, लड़ाई किए बिना कोई वीर, अतिवीर, सन्मति वीर एवं महावीर बन सकता है ? तीर्थंकर महावीर ने ऐसा करके दिखाया है। जीओ और जीने दो, अहिंसा परमो धर्मः, परस्परोप ग्रहो जीवानाम् की अवधारणा को जन मानस द्वारा आत्मसात करना है।

वीर निर्वाण संवत् वर्जसबसे प्राचीन संवत्ती थंकर महावीर की स्मृति में वीर निर्वाण सम्वत भगवान महावीर के निर्वाण के अगले दिन से ही 2550 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ। यह विश्व में सबसे प्राचीन सम्वत है एवम् प्रचलन में है। भगवान महावीर का 2623वाँ जन्म।कल्याणक वर्ष बिना किसी आडंबर के अहिंसा का पालन करते हुए मनोयोग से मनाएं।

# मानवता के कल्याण के लिए समर्पित थे स्वामी का विचार



**ऋचा सिंह**
साहित्यकार




हमारे देश में अनेक ऐसे संत ज्ञानी महापुरुष हुए हैं जिन्होंने न केवल भारत वरन पूरे विश्व में अपने ज्ञान का प्रकाश फैलाया है महावीर स्वामी उनमें से एक थे। जैन अनुश्रुतियों और परंपराओं के अनुसार जैन धर्म की उत्पत्ति और विकास में 24 तीर्थंकर सम्मिलित हैं इनमें से 22 तीर्थंकरों की ऐतिहासिकता स्पष्ट और प्रमाण रहित है। अंतिम दो तीर्थंकर पार्श्वनाथ (23वें) एवं महावीर स्वामी (24 वें) एवं अन्तिम तीर्थकर की ऐतिहासिकता को जैन धर्म के ग्रंथों में प्रमाणित किया गया है।

महावीर स्वामी जैन धर्म के 24 वें और अन्तिम तीर्थंकर थे। जैन धर्म की स्थापना का श्रेय इन्हें ही दिया जाता है क्योंकि इस धर्म के सुधार तथा व्यापक प्रचार प्रसार इनके समय में ही हुआ था। महावीर स्वामी का जन्म करीब ढाई हजार वर्ष पहले ईशा से 540 वर्ष पूर्व वैशाली गणराज्य के कुंड ग्राम में ज्ञागृत वंशी क्षत्रिय परिवार में हुआ था। इनके पिता सिद्धार्थ कुंड ग्राम की क्षत्रिय कुल के प्रधान तथा माता त्रिशला लक्ष्मी नरेश चेटक की बहन थी। इनका जन्म तीसरी संतान एवं वर्द्धमान के रूप में चैत्र शुक्ल तेरस को हुआ। वर्द्धमान को वीर ,अतिवीर और समंती भी कहा जाता था। वर्द्धमान को लोग श्रेयांश और यशस्वी भी कहते थे। इनके बड़े भाई का नाम नंदीवर्धन एवं बहन का नाम सुदर्शना था। वर्द्धमान का बचपन राजमहल में राजसी सुखसुविधा में बीता वो बड़े निर्भीक और साहसी थे। जब यह आठ वर्ष के हुए तो उन्हे पढ़ने, शिक्षा लेने, शस्त्र शिक्षा लेने के लिए शिल्प शाला में भेजा गया। वर्द्धमान का विवाह यशोदा नामक राजकान्या से हुआ इनकी अंवद्धा नाम की बेटी भी थी , कालांतर में जिसका विवाह जमालि से हुआ जो इनके शिष्य भी थे। 30 वर्ष की आयु में वर्द्धमान ने संसार से विरक्त होकर राज वैभव त्याग दिया और सन्यास धारण कर आत्म ज्ञान और कल्याण के पथ पर निकल गए। वर्षों की कठिन तपस्या के बाद उन्हें कैवल्य (ज्ञान) प्राप्त हुआ इसी कारण इन्हें केवलिन भी कहा जाता है। जिसके पश्चात उन्होंने संवत शरण में ज्ञान प्रसारित किया। अपनी सभी इंद्रियों पर विजय पाने के कारण वे "जिन" अर्थात विजेता कहलाए और इसी कारण उनके अनुयाई जैन कहलाते हैं। अपनी साधना में अडिग रहने तथा पराक्रम दिखाने के कारण इन्हें महावीर नाम से संबोधित कर महावीर स्वामी बना दिया गया। 72 वर्ष की आयु में इन्हें पावापुरी में मोक्ष की प्राप्ति हुई। इस दौरान महावीर स्वामी के कई अनुयाई बने जिसमें उस समय के प्रमुख राजा बिंबिसार कुदिक और चेतन भी शामिल थे। जैन धर्म को मानने वाले प्रमुख राजा थे उदायिन,चंद्रगुप्त मौर्य, कलिंग का शासक खारवेल, राष्ट्रकूट शासक अमोघ वर्ष, चंदेल शासक इत्यादि। महावीर स्वामी के उपदेशों उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों, विधानों का जनमानस पर बड़ा व्यापक प्रभाव पड़ा उनके समय में उत्तरी भारत में तो इस धर्म के प्रचार प्रसार के लिए कई केंद्रों की भी स्थापना की गई सामान्य जनों के अतिरिक्त बिंबिसार तथा उनके पुत्र अजातशत्रु जैसे राजा भी महावीर स्वामी के उपदेशों से प्रभावित हुए। जैन समाज द्वारा महावीर स्वामी के जन्मदिवस को महावीर जयंती तथा उनके मोक्ष दिवस को दीपावली के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। जैन ग्रंथों के अनुसार समय-समय पर जैन धर्म के प्रवर्तन के लिए तीर्थंकरों का जन्म होता है। जो सभी जीवो को वास्तविक आत्मिक सुख व शांति प्राप्ती का उपाय बताते हैं। तीर्थंकरों की संख्या 24 ही कही गई है जिसमे महावीर वर्तमान पीढ़ी के 24 वें और अंतिम तीर्थंकर थे। हिंसा, पशु,बलि जात-पात का भेदभाव जिस युग में बढ़ गया उसी युग में महावीर स्वामी का जन्म हुआ। उन्होंने दुनिया को सत्य,अहिंसा का पाठ पढ़ाया। तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया। उन्होंने दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत बताएं जो अहिंसा, सत्य ,अपरिग्रह , असतेय और ब्रह्मचर्य हैं। उन्होंने अनेकांतवाद, स्यादवाद और अपरिग्रह जैसे अद्भुत सिद्धांत दिए। महावीर के सर्वोदय तीर्थ में जाति की सीमाएं नहीं थी। महावीर स्वामी का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था। दुनिया की सभी आत्मा एक सी है इसलिए हम दूसरों के प्रति वही विचार एवं व्यवहार रखें जो हमें स्वयं को पसंद हो यही महावीर स्वामी का जियो और जीने दो का सिद्धांत था।

जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर महावीर स्वामी अहिंसा के प्रतिमान, प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत था। उन्हें एक लंगोटी तक का परिग्रह नहीं था। उन्हें हिंसा ,पशु बलि,जाति, पद के भेदभाव से घृणा थी। महावीर स्वामी के माता-पिता जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ जो महावीर से 250 वर्ष पूर्व हुए थे उनके अनुयाई थे। महावीर स्वामी ने चातुर्याम धर्म में ब्रह्मचर्य जोड़कर पांच महाव्रत रूपी धर्म चलाया। यह सबसे प्रेम का व्यवहार करते थे उन्हें इस बात का अनुभव हो गया था कि इंद्रियों का सुख विषय वासनाओं का सुख दूसरों को दुख पहुंचा करके ही पाया जा सकता है इसलिए वह इंद्रिय सुख को महत्व नहीं देते थे। महावीर जी की 28 वर्ष की उम्र में उनके माता-पिता का देहांत हो गया जेष्ठ बंधु नंदीवर्धन के अनुरोध पर वे दो बरस तक घर पर रहे बाद में 30 वर्ष की उम्र में वर्धमान ने श्रावणी दीक्षा लेकर वह श्रवण बन गए उनके शरीर पर परिग्रह के नाम पर एक लंगोटी भी नहीं रही अधिकांश समय वे ध्यान में ही मगन रहते, हाथ में ही भोजन कर लेते ,गृहस्तों से कोई चीज नहीं मांगते थे।

धीरे-धीरे उन्होंने पूर्ण आत्म साधना प्राप्त कर ली। महावीर स्वामी ने 12 वर्ष तक मौन साधना, तपस्या की और तरह-तरह की कष्ट झेले अंत में उन्हें कैवल्य (ज्ञान) प्राप्त हुआ। कैवल्य ज्ञान प्राप्त होने के बाद महावीर ने जन कल्याण के लिए उपदेश देना शुरू किया। वह अर्धमगधी भाषा में भी उपदेश करने लगे ताकि जनता उसे भली-भांति समझ सके। महावीर ने अपने प्रवचनों में अहिंसा ,सत्य ,असते, ब्रह्मचर्य और परिग्रह पर सबसे अधिक जोर दिया। त्याग और संयम प्रेम और करुणा सील और सदाचार ही उनके प्रवचनों का सार था। महावीर स्वामी ने श्रमण और श्रमणी,श्रावक और श्राविका सबको लेकर चतुर्विद् संघ की स्थापना की।



# वर्तमान की जरूरत हैं वर्धमान



**सुरेश रायकवार**
साहित्यकार

भगवान महावीर जिस काल में जन्मे उस समय संभवतः समाज में हिंसा, निर्दयता और जाति धर्म के नाम पर इतना भेद-भाव निश्चित रूप से नहीं रहा होगा जितना वर्तमान में हम देख रहे है। आज के युग में भोजन हेतु पशु-पक्षियों का संहार, धर्म और जातियों में आपसी भेदभाव, अत्याचार और व्यभिचार का चारों ओर बोलबाला है। भौतिक सुख-संसाधनों को एकत्र कर धनवान होने के लिए मनुष्य झूठ और फरेब की अंधी राह पर दौड़ रहा है। आज समाज में जिस तरह की राजनैतिक वैमनस्यता और अराजकता फैली हुई है उसमें भगवान वर्धमान द्वारा दिये गए उपदेश और सिद्धांत ना केवल प्रासंगिक हैं बल्कि शांति स्थापना के लिए उनका अनुसरण भी अपरिहार्य है। उनके पंचशील सिद्धांतों को अपनाए बिना दुनिया में शांति स्थापना की कल्पना बेमानी होगी।

## अहिंसा

*अहिंसा परमों धर्म: अर्थात अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है। वैसे अहिंसा का शाब्दिक अर्थ केवल इतना है कि हिंसा ना करो किन्तु वर्धमान द्वारा अपने पंचशील सिद्धांतों में इसे व्यापक अर्थ में समझाया गया कि तन, मन, कर्म या वचन से किसी भी प्राणी को कोई नुकसान ना पहुंचाना ही अहिंसा है। आज सबसे अधिक आवश्यकता अहिंसा धर्म की ही है।*

## सत्य

*सत्य का शाब्दिक अर्थ है -"सते हितम्" अर्थात सभी का कल्याण। सत्य से ही मानव की प्रगति और उद्धार होगा जबकि झूठ समाज के लिए अभिशाप है, झूठ प्रारम्भ में भले ही आकर्षक लगता हो किन्तु उसका अंत सदा ही पीड़ादायक होता है। आज समाज में हर छोटी बड़ी बात में झूठ का सहारा लिया जा रहा है और यही कारण है कि व्यक्तिगत, सामाजिक और वैश्विक रिश्तों में अविश्वास बढ़ता जा रहा है। फलस्वरूप चारों ओर अशांति फैली हुई है।*

## अपरिग्रह

*वर्तमान-काल में धनवान होने की तो जैसे होड लगी हुई है, इसी परिग्रह से समाज में शोषण, अन्याय, ईर्ष्या और भ्रष्टाचार बढ़ता है जबकि अपरिग्रह से सहयोग, न्याय, प्रेम और सदाचार। भगवान महावीर ने धन-संचय को लालच, ईर्ष्या, स्वार्थ और वासना का मुख्य स्रोत माना है।*

## अस्तेय

*अस्तेय का शाब्दिक अर्थ है - चोरी न करना किन्तु व्यापक अर्थ में यह अपने मन, वचन और कर्म से भी किसी दूसरे की सम्पत्ति को चुराने तक की इच्छा नही करना कहलाता है। पराए धन की लालसा ना करना ही अस्तेय है।*

## ब्रह्मचर्य

*ब्रह्मचर्य का अर्थ है सात्विक जीवन बिताना, शुभ विचारों से अपने वीर्य की रक्षा करना, भगवान का ध्यान करना और विद्या ग्रहण करना। ब्रह्मचर्य हमारे जीवन मे उतना ही आवश्यक है जितना कि वायु ग्रहण करना। ब्रह्मचर्य व्रत के पालन से संसार की बहुत-सी समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है। इसीप्रकार भगवान वर्धमान के "जियो और जीने दो" के सिद्धांत अनुसार यदि मनुष्य दूसरे मनुष्य के प्रति वही विचार और व्यवहार रखे जो उसे स्वयं के लिए पसंद है, तो ये युद्ध लड़ाई-झगड़े विवाद का प्रश्न ही नहीं उठेगा। भगवान महावीर के उपदेश अनुसार संसार के प्रत्येक जीव के लिए आत्म-धर्म समान है चाहे वो आत्मा मनुष्य की हो, पशु पक्षी की हो या वानस्पतिक हो।*



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## शाश्वत सनातन

*कर्नाटक में कन्नड़ जिले की भटकल तहसील में भगवान शंकर का प्राचीन मंदिर मुरुदेवर मंदिर है। इस मंदिर की विशेष बात यह है कि इसके परिसर में भगवान शिव की एक विशाल मूर्ति स्थापित है, जिसे दुनिया की दूसरी सबसे विशाल और ऊंची शिव प्रतिमा (मूर्ति) माना जाता है। भगवान शिव की यहां स्थापित विशाल मूर्ति की ऊंचाई करीब 123 फुट है। इसे इस तरीके से बनाया गया है कि दिन भर सूर्य की किरणें इस पर पड़ती हैं। मुरुदेश्वर, भगवान शिव का ही एक नाम है। यह मंदिर तीन ओर से अरब सागर से घिरा हुआ है। समुद्र तट पर स्थित होने के कारण इस मंदिर के आसपास का नजारा बेहद ही खूबसूरत है।*

### कर्नाटक में कन्नड़ जिले की भटकल तहसील में स्थित है भगवान शंकर का प्राचीन मंदिर

# रावण के क्रोध का प्रतीक है मुरुदेश्वर

## जहां दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शिव प्रतिमा है



हमारे देश में ऐसे कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनका संबंध या तो किसी दूसरे युग से हैं या फिर उनका इतिहास हजारों साल पुराना है। ऐसा ही एक मंदिर है, जिसका इतिहास रामायण काल से जुड़ा हुआ है। विशेषतः रावण से। यह मुरुदेश्वर मंदिर कर्नाटक में कन्नड़ जिले की भटकल तहसील में स्थित है, जो तीन ओर से अरब सागर से घिरा हुआ है। समुद्र तट पर स्थित होने के कारण इस मंदिर के आसपास का नजारा बेहद ही खूबसूरत है।
मुरुदेश्वर, भगवान शिव का ही एक नाम है। इस मंदिर की विशेष बात यह है कि इसके परिसर में भगवान शिव की एक विशाल मूर्ति स्थापित है, जिसे दुनिया की दूसरी सबसे विशाल और ऊंची शिव प्रतिमा (मूर्ति) माना जाता है। शहर को पहले मृदेश्वर के नाम से जाना जाता था, बाद में मंदिर के निर्माण के बाद इसका नाम बदलकर मुरुदेश्वर कर दिया गया।

### रावण को शिव ने प्रदान किया था आत्मलिंग

पौराणिक कथाओं के अनुसार रावण ने अमरता का वरदान पाने के लिए भगवान शिव की तपस्या की और भगवान शिव ने उसकी तपस्या से खुश होकर उसे एक शिवलिंग प्रदान दिया, जिसे आत्मलिंग कहा जाता है। साथ ही कहा कि अगर तुम अमर होना चाहते हो तो इसे लंका ले जाकर स्थापित कर देना, लेकिन एक बात का ध्यान रखना कि इसे जिस जगह पर रख दोगे, यह वहीं स्थापित हो जाएगा। भगवान शिव के कहे अनुसार रावण शिवलिंग लेकर लंका की ओर जा रहा था, लेकिन बीच रास्ते में ही गणेश जी ने चालाकी से रावण को लंका भेज दिया और लिंग को गोकर्ण में जमीन पर रख दिया, जिससे वह वहीं पर स्थापित हो गया। इससे क्रोधित होकर रावण लिंग को उखाड़ने और नष्ट करने की कोशिश करने लगा और शिवलिंग के टूटे हुए टुकड़े फैंक दिए। इसी क्रम में जिस वस्त्र से शिवलिंग ढंका हुआ था, वह म्रिदेश्वर के कन्दुका पर्वत पर जा गिरा। म्रिदेश्वर को ही अब मुरुदेश्वर के नाम से जाना जाता है। शिव पुराण में इस कथा का विस्तार से वर्णन है। दक्षिण भारतीय मंदिरों की तरह यहां भी गोपुरम बना हुआ है, जिसकी ऊंचाई 249 फुट है। यह दुनिया का सबसे बड़ा गोपुरम माना जाता है।

### सूर्य की किरणें पड़ते ही विशाल दिखने लगती है प्रतिमा

भगवान शिव की यहां स्थापित विशाल मूर्ति की ऊंचाई करीब 123 फुट है। इसे इस तरीके से बनाया गया है कि दिन भर सूर्य की किरणें इस पर पड़ती हैं। मूर्ति चांदी के रंग में कुछ इस तरह रंगी है की सूर्यदेव की किरण पड़ते ही यह और भी विशाल रूप में प्रतीत होती है। यह शिव प्रतिमा इतनी ऊंची है कि दूर से देखी जा सकती है, साथ ही इसे देखने के लिए यहां लिफ्ट भी बनाई गई है। इसे बनाने में करीब दो साल का वक्त लगा था और करीब पांच करोड़ रुपए की लागत आई थी। इस खास मंदिर को देखने के लिए देश विदेश से बड़ी संख्या में लोग आते हैं।



## पुस्तक समीक्षा

# अच्छे प्रसंग लोगों की सोच बदल देते हैं



-उमेश कुमार सिंह



प्रसंग शब्द के आसत्ति, भत्ति, संलग्नता, अवसर घटना कांड आदि अनेक अर्थ होते हैं। प्रस्तुत संदर्भ में प्रसंग का अर्थ है किसी अवसर पर घटित किसी विशेष घटना के वार्तालाप को बताना या लिखना प्रसंग है। ये प्रसंग विशिष्ट होने से ही सुनाए या लिए जाते हैं। प्रसंगों की दुनिया भी अलग होती है। एक से बढ़कर एक प्रसंग लिऐ जाते हैं, जिन्हें लोग बड़े चाव, बड़ी लगन बड़ी एकाग्रता एवं उत्सुकता से पढ़ते हैं एवं दूसरों को पढ़ाते व सुनाते हैं।
कुछ प्रसंग तो ऐसे होते हैं जो जीवन में आमूल परिवर्तन ला देते हैं, जीवन की सोच तथा जीवन को बदल देते हैं, मन में, दिल में गहरे उतरते हैं। इन प्रसंगों में बहुत कुछ सीख मिलती है जो सोचने पर मजबूर कर देती है। कुछ प्रसंग पढ़कर मन में मंथन शुरू हो जाता है, कुछ प्रसंग तो ऐसे होते हैं जिनमें व्यक्ति डूब जाता है। वैसे ही डायमंड बुक्स डायमंड द्वारा प्रकाशित अनमोल प्रेरक प्रसंग हैं, जिसके लेखक डॉ-राजेन्द्र पटोरिया हैं। डा. राजेन्द्र पटोरिया का कहना है कि अच्छे प्रसंगों में इतनी ताकत होती है कि लोगों की सोच बदलकर अच्छी सोच की ओर ले जाती है।
कुछ प्रसंग मन में उथल-पुथल मचा देती है, कुछ शिक्षाप्रद होती हैं। पिछले कुछ दशकों से मेरा विचार अच्छे प्रसंगों को एकत्रित करने का रहा। जो प्रसंग अच्छा व मन को छूने वाला लगा रख लिया। मेरी अपनी समझ में जो अच्छे प्रसंग हो उन्हें प्रकाशन की योजना बनाई। अन्य विषयों पर मेरी 25 पुस्तकें प्रकाशित हैं यह मेरे संकलन को छपाने का नया कार्य था, मेरी बहुत इच्छा थी कि पाठकों को कुछ अच्छा रोचक कार्य परोसूं। मेरे यह प्रयास अनमोल प्रेरक प्रसंग पुस्तक के रूप में आपके हाथों में हैं।

## शब्दों की सीख

# स्वार्थ के जबड़ों में दुनिया



सुनील कुमार महला
हनुमानगढ़, राजस्थान

जेठ की तपती दुपहरी थी। सूरज अपने पूरे परवान पर था। लू ही लू बुदबुदाहट करती महसूस होती थी। चहुंओर थी तो बस आग की लपटें। गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ था। कभी घंटे, दो घंटे में एकाध मोटरसाइकिल गांव की कच्ची सड़कों पर फट-फट की आवाज के साथ निकल जाती थी। खौफनाक लू के थपेड़ों के बीच मैं गांव में बने पुराने मकान के बड़े दरवाजे के पास बने एक विशाल कमरे में मूंज की चारपाई पर बैठा आने-जाने वालों को निहारता रहता था, लेकिन उस मौसम में वक्त जैसे ठहर-ठहर सा गया था। ऐसे में दरवाजे के एक ओर विशाल कमरे में बनी पत्थर की टांड पर बने गौरेय्या के घौंसले से राहत की आवाज, मेरे दिल व आत्मा को सुकून देती थी। गौरेय्या के बच्चों की चीं-चीं सन्नाटा तोड़ती थी और मेरा मन खूब बहलता था। उस विशाल कमरे में दो मूंज की चारपाइयों के अलावा अगर कुछ मौजूद था तो वह था टांड पर रखा एक पुराना चरखा और चरखे के पास एक ओर बिखरे अनगिनत तिनके। घास-फूस, रूई व कागज के कुछ टुकड़े।
मैं गौरेय्या व उसके बच्चों की चीं-चीं की आवाज के सम्मोहन में हमेशा खुश रहता। अपनी खुशी और आनंद के लिए रोजाना गौरेय्या व उसके बच्चों को रोटी व दाना-चुग्गा डाल देता। गर्मियों में यह मेरा रोज का क्रम बन गया था। सच तो यह है कि गौरेय्या का कुनबा मेरे परिवार का हिस्सा बन गया था। मुझे याद है कि मैं घंटों-घंटों तक गौरेरय्या को नीड़ निर्माण के कार्य में संलग्न देखता, उसकी कला को निहारता। कभी वह तिनके, कभी घास, कभी कागज, कभी रूई के फाहे तो कभी सूखे पत्ते लेकर लौटती। कभी सुस्ताती तो कभी गाती। अपनी सेज तैयार करती। एक दिन देखा, उसका नीड़ बनकर तैयार था। अब वह गौरेय्या मेरे घर की पक्की सदस्य हो गई थी। भीषण गर्मी में भी गांव में मेरे दिन गौरेय्या की अठखेलियों के बीच अच्छे खासे गुजर रहे थे।
तभी एक रोज मैं दादाजी के साथ गांव से शहर लौट आया। मां गांव में ही थी। मुझे बाद में पता चला कि मेरे शहर आने के बाद एक



दिन भीषण गर्मी में मां भरी दुपहरी में घर-आंगन की साफ सफाई में जुटी थी। शायद इसीलिए कि यह माना जाता है कि स्वच्छता में ईश्वर का निवास होता है। मां साफ-सफाई नहीं करती तो जमाना मां के बारे में क्या सोचता?
तभी मां की नजर यकायक बड़े दरवाजे के पास बने उस विशाल कमरे पर पड़ी, जो मेरे बचपन की गौरेय्या संग यादों का केंद्र था। यह कमरा गौरेय्या की बीटों से काफी दिनों से बहुत गंदा हो रहा था। मेरी धमा-चौकड़ी का यह आश्रय स्थल गौरेय्या द्वारा फर्श पर जगह जगह फैलाये तिनकों, घास के सूखे पत्तों, रूई व धागों इत्यादि से भर गया था और मां की आंखों में काफी दिनों से शायद(जमाने को देखते हुए) गड़ने-चुभने सा लगा था। मैं गांव में होता था तो मां की डांट-डपट से बचने के लिए अक्सर फर्श पर पड़ी बीटों व अन्य गंदगी को साफ कर देता था, ताकि मां कभी मेरे सपने के आशियाने को यूं ही तोड़ बिखेर न दे। मेरी छोटी बहन नीलिमा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के बीच घर-आंगन की साफ सफाई के लिए समय नहीं निकाल पा रही थी। मेरे शहर आने के बाद उस दिन मां ने स्वयं ही शायद साफ-सफाई के लिए ज्यादा हिम्मत दिखाई थी। तभी तो झाड़ू उठाए उतावली सी वह दोपहर के समय में ही उस विशालकाय कमरे की ओर चल पड़ी थी। टांड पर काफी दिनों से गौरेय्या ने नीड़(घोंसला) बना रखा था। आखिर जीव जंतु भी भीषण गर्मी में बसेरा करें तो कहां करें? गांव में हमारा पुराना का घर जैसे उस गौरेय्या के लिए रैन बसेरा बन चुका था। मां रोज आंगन बुहारती थी, मेरे शहर आने के बाद कमरा बंद पड़ा था। खुला था सिर्फ एक रोशनदान, जो गौरेय्या के लिए शायद प्रवेश द्वार था। मां ने उस दिन कमरा सफाई के उद्देश्य के लिए खोल दिया था। मां ने देखा कि कमरा व उसकी टांड काफी गंदगी से अटी पड़ी थी। टांड पर रखा चरखा बीटों व घास फूस, तिनकों से ओतप्रोत था। घर के वातावरण में जगह जगह बींट के छोटे ढ़ेर ने दुर्गंध ही दुर्गंध फैला दी थी और यह दुर्गंध परिवार के हरेक सदस्य के नथुनों में हर रोज उतर रही थी, लेकिन मां के अलावा किसी ने भी इसे साफ करने का बीड़ा नहीं उठाया था। शायद इसीलिए कि कोई भी गौरेय्या के घौंसले को तोड़ना बिखेरना नहीं चाहते थे। यहां तक कि मां भी नहीं, लेकिन साफ-सफाई रखना भी तो जिम्मेदारी है।
उस दिन मां की नजर रोशनदान व टांड पर पड़ी। मां ने झाड़ू से गौरेय्या के घोंसले को नीचे जमीन पर गिरा दिया। घोंसले में गौरेय्या के दो अंडे नजर आये, जो कि ईश्वर की कृपा से सुरक्षित जमीन पर पहुंचे थे। मां का मन यकायक पसीज गया था। आखिर किसी के बच्चों को छीनने वाली वह कौन होती है? मां तो वैसे भी मां ही हैं आखिर दया, करुणा उसका गहना हैं। उसके आंचल में दूध हैं, वह किसी का भी अहित कैसे कर सकती हैं ? बिखरे घोंसलें को देखकर मां का मन दुखी हो गया था। बूढ़े हाथों से घोंसले को उठाकर मां ने दुबारा टांड पर रख दिया। उसकी साफ-सफाई का अभियान धरा का धरा रह गया। मन में बैचेनी, दुख का भाव लिए अफसोस आंखों में उतर आया था। तभी बहिन नीलिमा ने आवाज दी थी 'मां चाय तैयार हैं, पी लीजिए।'
मां ने झाड़ू रखा और और चाय की चुस्कियों में डूबने लगी, लेकिन उसका मन उसे बार-बार गौरेय्या के टूटे आशियाने की ओर ले जाना चाह रहा था। वह सोचती जा रही थी कि 'एक वो दिन थे जब जब घर-घर, आंगन-आंगन में गौरेय्या दिखती थीं, लेकिन समय के साथ पक्के मकानों और लगातार कम होते जंगलों के कारण गौरेय्या के कुनबे भी कम हो गए हैं, जिसका व्यापक असर हमारे पर्यावरण, धरती की पारिस्थितिकी पर पड़ रहा है। आज लगातार बढ़ती आबादी, बढ़ते प्रदूषण, मनुष्य द्वारा कंक्रीट के जंगल के जंगल खड़े कर देने, बढ़ते औधोगीकरण, विकास, तकनीक,मोबाइल फोन रेडिएशन और प्रदूषण, खासकर ध्वनि, जल व वायु प्रदूषण, घटते जंगल (वनों की अंधाधुंध कटाई), धरती के विभिन्न संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, रहवास की कमी, खेतों में कीटनाशकों व विभिन्न रसायनों का अंधाधुंध प्रयोग, खेती में तकनीक का अधिक इस्तेमाल आदि कारणों की वजह से गौरेय्या गायब होते जा रही हैं।' मां शायद आज यही सोच रही थी कि-स्वार्थ की दुनिया से आदमी आखिर कब बाहर निकलेगा?'

केरल में कांग्रेस व माकपा के बीच तेज हुई जुबानी जंग, दोनों पार्टियों के नेता एक दूसरे पर साधा रहे निशाना

# विजयन ने CAA-चुनाव बॉन्ड पर कांग्रेस को घेरा, प्रियंका का पलटवार

**एजेंसी** | पथानामथिट्टा(केरल)

केरल में लोकसभा चुनावों के लिए तेज होते प्रचार अभियान के बीच विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दो दलों कांग्रेस व माकपा के एक दूसरे पर सियासी हमले जारी हैं। राज्य में माकपा नीत एलडीएफ की सरकार है और कांग्रेस नीत यूडीएफ मुख्य विपक्षी दल है और दोनों गठबंधनों के बीच वार पलटवार और तीखे होते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर सियासी हमले के बाद अब प्रियंका गांधी वाड्रा पर भी निशाना साधा है। उन्होंने इस सिलसिले में डीएलएफ पर हुई सीबीआई की छापेमारी का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने वटकारा में एक चुनावी रैली में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) और चुनावी बॉण्ड घोटाले पर अपनाए गए रुख सहित विभिन्न मामलों पर कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा।

इसके बाद प्रियंका गांधी ने पलटवार करते हुए कहा कि सीएम विजयन ने समझौता कर लिया है कि वह कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला करेंगे, लेकिन भाजपा पर नहीं। उन्होंने कहा कि विजयन का नाम कई घोटालों में आया है, लेकिन भाजपा ने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रियंका गांधी ने शनिवार को पथानामथिट्टा लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि जैसे एक फुटबॉल मैच में आप एक समझौता किए हुए खिलाड़ी के साथ नहीं जीत सकते, उसी तरह आपके पास एक समझौता किए हुए मुख्यमंत्री हैं। वह केवल मेरे भाई राहुल गांधी पर हमला करते हैं। वह भाजपा पर हमलावर क्यों नहीं होते, क्या आपने कभी इस बारे में सोचा है।



### क्या बोलीं प्रियंका

सीएम विजयन ने समझौता कर लिया है कि वे कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला करेंगे, लेकिन भाजपा पर नहीं

### केरल के हितों के लिए खड़े नहीं हुए UDF के सांसद

वहीं सीएम पिनराई विजयन ने आरोप लगाया कि राज्य से यूडीएफ के 18 सांसद पिछले पांच वर्ष से संसद में केरल के हित के खिलाफ खड़े थे। विजयन ने कहा, 2019 में UDF के 18 सदस्य चुने गए। हम पूछना चाहते हैं कि क्या इनमें से कोई भी सदस्य केरल के हित के लिए खड़ा था। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एजेंडे के साथ खड़े थे। क्या उन्होंने केरल के लिए एक भी शब्द बोला है? उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार राज्य का आर्थिक रूप से गला घोंट रही थी, तब यूडीएफ सदस्यों ने केंद्रीय वित्त मंत्री से मिलने से इनकार कर दिया और केरल के अधिकारों के लिए खड़े नहीं हुए।

### BJP सरकार ने नहीं की विजयन के खिलाफ कार्रवाई

प्रियंका गांधी ने कहा कि केरल के सीएम विजयन का नाम लाइफ मिशन, सोने की तस्करी के अलावा कई अन्य घोटालों में आ चुका है। बावजूद इसके भाजपा सरकार ने न तो उनके खिलाफ केस डाले, न ही कभी छापेमारी की और न ही कोई एक्शन लिया। प्रियंका गांधी ने राज्य में माकपा के नेतृत्व वाली वामपंथी सरकार पर भी हमला किया। उन्होंन कहा कि केरल में रोजगार के अवसरों की भारी कमी है, जिसके चलते लोग राज्य को छोड़कर दूसरे राज्यों और देशों में जा रहे हैं। इसके लिए प्रियंका ने केरल सरकार को जिम्मेदार ठहराया है।

### DLF ने 170 करोड़ के खरीदे थे चुनावी बॉन्ड

वहीं सीएम विजयन ने कहा कि डीएलएफ और वाड्रा के बीच जमीनी सौदे के आरोप हैं। उन्होंने दावा किया कि कंपनी ने छापेमारी के बाद 170 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड खरीदे, जिसके बाद भाजपा सरकार ने अदालत को बताया कि कंपनी के लेनदेन में कुछ भी अवैध नहीं है। चुनावी बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को भुगतान करने के तुरंत बाद छापेमारी और मामला समाप्त हो गया।

## जरूरी खबर

### उड़िया अभिनेत्री प्रियदर्शनी को बीजद का टिकट



**भुवनेश्वर।** देश में लोकसभा चुनाव के साथ- साथ विधानसभा चुनाव भी हो रहे हैं। आगामी ओडिशा विधानसभा चुनाव को लेकर बीजद ने शनिवार को उड़िया फिल्म अभिनेत्री वर्षा प्रियदर्शिनी समेत नौ और उम्मीदवार को चुनावी मैदान में उतारा है। गुरुवार को बीजद में शामिल होने वाली प्रियदर्शिनी को बरछना विधानसभा क्षेत्र से टिकट मिला है। वहीं, कांग्रेस से बीजद में आए गणेश्वर बेहरा केंद्रपाड़ा से सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे।

### माकपा के भाषण पर चुनाव आयोग संज्ञान ले: खान



**तिरुवनंतपुरम** । माकपा नेता जॉन ब्रिटास द्वारा केरल यूनिवर्सिटी में व्याख्यान देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ने भी इस मुद्दे पर माकपा पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि कुछ लोग कानून तोड़ने को अपना अधिकार समझते हैं। राज्यपाल ने ये भी कहा कि वह इस मामले में यूनिवर्सिटी से स्पष्टीकरण की मांग करेंगे। राज्यपाल खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। विश्वविद्यालय परिसर में चुनाव प्रचार पर पूरी तरह से प्रतिबंध होता है। ऐसे में अगर यूनिवर्सिटी प्रशासन इस प्रतिबंध को नजरअंदाज करता है और किसी को बैठक करने की अनुमति देता है तो मुझे स्पष्टीकरण मांगना होगा।

पीएम मोदी की कर्नाटक व महाराष्ट्र में चुनावी सभाएं

# विपक्षी गठबंधन के पास न तो कोई नेता और ना ही कोई दृष्टि

## ■ विपक्षी दलों पर किया कड़ा प्रहार

### ■ आखिरी स्थान पर खड़े लोगों को राजग लाया आगे

**एजेंसी** | बेंगलुरु/नांदेड़

देश में प्रथम चरण के मतदान के बाद लोकसभा चुनाव के अन्य चरणों को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ और कर्नाटक के चिकबल्लापुर व बेंगलुरु में चुनाव सभाओं को संबोधित किया। जहां उन्होंने विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्नाक के बेंगलुरु और चिकबल्लापुर में चुनाव सभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक के पास ना तो वर्तमान में कोई नेता नहीं है और ना ही भविष्य के लिए कोई दृष्टिकोण है। उनका इतिहास घोटालों से भरा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को सबसे कम महत्व दिया जाता था और जो लोग पंक्ति में आखिरी स्थान पर खड़े होते थे, उन लोगों को राजग सरकार ने पहले स्थान पर पहुंचाया।

पीएम मोदी ने बेंगलुरु में एक रैली में कहा कि शुक्रवार को भारत की ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलीपींस के लिए रवाना कर दी गई है। इससे जमीनी स्तर पर बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या ये सब कांग्रेस के शासन काल में संभव हो पाता। कांग्रेस ने पूरे देश में मोदी और एचएएल को बुरा-भला कहा। हालांकि, अब एचएएल के पास रिकॉर्ड कारोबार है। एशिया की सबसे बड़ी हेलिकॉप्टर फैक्ट्री कर्नाटक में स्थापित की गई है।



### बेंगलुरु युवा प्रतिभा का पावरहाउस

उन्होंने कहा कि बेंगलुरु युवा शक्ति और युवा प्रतिभा का पावरहाउस है। पीएम मोदी ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया को तकनीकी विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया डिजिटल इंडिया और फिनटेक की तारीफ कर रही है। हालांकि, यह मत भूलिए कि कांग्रेस आधार के खिलाफ थी। कांग्रेस जनधन खातों के खिलाफ थी और उन्होंने डिजिटल भुगतान का मजाक उड़ाया था।

### मोदी सरकार के सबसे बड़े लाभार्थी एससी-एसटी-ओबीसी परिवार

पीएम मोदी ने चिकबल्लापुर में एक रैली में कहा कि मोदी सरकार के सबसे बड़े लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी परिवार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों में एससी, एसटी और ओबीसी परिवारों को झुग्गियों में रहने के लिए मजबूर किया गया था। मोदी सरकार में इन लोगों का खोया हुआ विश्वास फिर से वापस लौट आया है और पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं।

### एससी व आदिवासी समुदाय से बनाए राष्ट्रपति

पीएम ने कहा कि 2014 में राजग ने पहली बार एक अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति को राष्ट्रपति के रूप में नामित किया था। इसके बाद 2019 में एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया। यह हमारी सरकार है जिसने बाबा साहब अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण का मतदान राजग और हमारे विकसित भारत के दृष्टिकोण के पक्ष में था। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा को उनकी सक्रियता के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

## 'शहजादे' को अब वायनाड से सता रहा हार का डर

पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के नांदेड में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंन कांग्रेस के रवैये के कारण ही यहां के किसान गरीब होते गए और उद्योगों से जुड़ी संभावनाएं खत्म होती चली गई। यही कारण है कि लाखों युवाओं को पलायन करना पड़ा।

कांग्रेस को तो उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले अमेठी छोड़कर केरल के वायनाड गए, अब उन्हें वायनाड से भी हार का डर सता रहा है। पीएम ने कहा, शहजादा और उनकी टोली 26 अप्रैल को वायनाड में वोटिंग का इंतजार कर रही है।

26 अप्रैल को वोटिंग के बाद, ये शहजादे के लिए एक और सुरक्षित सीट घोषित कर देंगे। मोदी ने इसी के साथ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर निशाना साधा। पीएम ने तंज कसते हुए कहा, कुछ नेता लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ते और जीतते थे, इस बार उन्हें राज्यसभा के रास्ते प्रवेश करना पड़ रहा है। कांग्रेस का हाल तो ये है कि उसे उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे हैं और वो अभी से हार मान चुकी है।



### बंटवारे के पीड़ितों के लिए लाए सीएए

पीएम ने कहा कि ये हमारी सरकार है जो बंटवारे के पीड़ितों के लिए सीएए लेकर आई है। सीएए न होता तो हमारे सिख भाई-बहनों का क्या होता? लेकिन कांग्रेस इसका भी विरोध कर रही है। ऐसा लगता है कि 1984 का बदला कांग्रेस सिखों से अब तक ले रही है।

### गुरु गोबिंद सिंह की सीख हमारी प्रेरणा

पीएम ने कहा कि खालसा पंथ की गुरु परंपरा और गुरु गोबिंद सिंह की सीख हमारी सरकार के लिए प्रेरणा रही है। करतारपुर साहिब कॉरिडोर का काम पूरा होने के बाद लाखों श्रद्धालुओं को वहां दर्शन में मदद मिल रही है। अब हुजूर साहिब और हेमकुंड साहिब के दरबार तक बुनियादी ढांचे का बेहतर इंतजाम करना होगा।

पवार ने साधा सियासी निशाना

# मोदी के भाषणों से लगता है वह देश की नहीं, भाजपा के PM

**एजेंसी** | मुंबई



छत्रपति संभाजीनगर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री देश के हैं और उन पर देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी है, लेकिन नरेंद्र मोदी के भाषणों से लगता है कि वह भाजपा के प्रधानमंत्री हैं, भारत के नहीं। पवार ने

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक प्रचार रैली में कहा कि मोदी को विपक्ष पर हमला करने के बजाय लोगों को बताना चाहिए कि वह और उनकी पार्टी देश के लिए क्या करेगी। पवार ने कहा, कभी-कभी वह (पीएम मोदी) नेहरू (देश के पहले प्रधानमंत्री), कभी-कभी राहुल गांधी और कभी-कभी मेरी भी आलोचना करते हैं। नेहरू ने अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ने के दौरान अपने जीवन के 10 वर्ष से अधिक समय जेल में बिताए। शरद पवार ने कहा, उन्होंने विज्ञान को प्रोत्साहित किया।

महाराष्ट्र के अहमदनगर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी राज्य की 50 प्रतिशत से अधिक लोकसभा सीटें जीतेगा कुछ सीटों को लेकर इंडी गठबंधन के दलों में खींचतान जरूर है लेकिन इस पर ध्यान देने का मतलब नहीं है। व्यापक रूप से गठबंधन के सभी नेताओं का लक्ष्य एक ही है कि वे अधिक से अधिक सीटें जीतें, जिससे राज्य में एक स्थिर सरकार बनाई जा सके। उन्होंने भाजपा के अबकी बार- 400 पार वाले नारे को गलत बताया है। पवार ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि अतीत में इससे पहले कभी भी केंद्रीय एजेंसियों का इतना दुरुपयोग नहीं हुआ, जितना अब हो रहा है।

# परिवार को लेकर नीतीश का लालू यादव पर कटाक्ष

**एजेंसी** | कटिहार

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर परिवावाद को लेकर निशाना साधा है। नीतीश ने कटिहार में शनिवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लालू एवं राबड़ी देवी का नाम लिए बिना जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने बहुत पैदा कर दिया, इनते बाल-बच्चे पैदा करने चाहिए किसी को।

उन्होंने लालू पर तंज कसते हुए कहा कि पहले खुद सीएम बने, हट गए तो पत्नी को बना दिया। अब बाल-बच्चों को आगे बढ़ा रहे हैं। कहीं पर बेटी को, कहीं पर बेटों को लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी की सरकार ने 15 साल में बिहार को गर्त में धकेला। मुसलमान को भी कुछ नहीं दिया।



### यह बोले नीतीश

**इतने बच्चे पैदा करने चाहिए किसी को...**

**पत्नी का सीएम बनाया अब बच्चों को बढ़ा रहे हैं आगे**

अमरोहा में BJP पर एक साथ गरजे राहुल-अखिलेश

# हम कराएंगे जातीय जनगणना, कोई ताकत नहीं बदल सकती संविधान

**एजेंसी** | अमरोहा

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के बाद सियासी घमासान और तेज हो गया है। शनिवार को विपक्षी गठबंधन के दो अहम घटक कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के नेता अमरोहा में एक मंच पर नजर आए।

उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम और सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक मंच से भाजपा पर जमकर हमला बोला है. अखिलेश यादव ने प्रथम चरण के मतदान को लेकर कहा कि भाजपा का यह पहले दिन का फ्लॉप शो रहा है। वहीं, भाजपा के लोग कह रहे हैं कि वो संविधान को बदल देंगे। मैं कहना चाहता हूं कि दुनिया में कोई ताकत नहीं जो भारत का संविधान बदल सके।



राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश की जनता को मालूम होना चाहिए कि उनकी कितनी भागीदारी है। हमारी सरकार आते ही हम जातीय जनगणना का काम शुरू कर देंगे। जातीय जनगणना से सबको पता चल जाएगा कि आप कितने हो। आपकी कितनी भागीदारी है। जातीय जनगणना हिंदुस्तान का एक्स-रे है। इससे किसी को ऐतराज नहीं होना चाहिए। लेकिन नरेंद्र मोदी कहते हैं, बिल्कुल नहीं। भाजपा के लोग कहते हैं कि एक्स-रे नहीं होगा। क्यों नहीं होगा, बिल्कुल होगा। राहुल ने कहा कि जातीय गणना हो गई तो देश बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि पहली बार इंडिया गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा कर रहा है। भाजपा, आरएसएस के लोग लोकतंत्र को खत्म करने में लगे हुए हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी लड़ाई विचारधारा की लड़ाई है।

### अरबपतियों का कर्जा किया माफ

राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने देश के अरबपतियों का 16 लाख करोड़ माफ किए हैं, जबकि हमने किसानों का कर्ज माफ किया था। 16 लाख करोड़ इतना पैसा होता है जिसमे हम 25 बार किसानों का कर्ज माफ कर सकते हैं। देश के कुछ अरबपति चीन का माल भारत में बेचते हैं। राहुल ने कहा, इंडिया गठबंधन उतना पैसा देश के गरीबों को देने जा रही है जितना पैसा मोदी जी ने देश के कुछ अरबपतियों को दिया है। जो हम करने जा रहे हैं वो दुनिया में किसी सरकार ने सोचा नहीं है। देश में अगर अमीर अरबपतियों का कर्जा माफ होगा तो इन गरीबों का भी होगा। हमारी सरकार आती है तो हम महालक्ष्मी योजना में देश के गरीब परिवारों सूची बनाएंगे और हर परिवार में से एक महिला को हर साल उसके बैंक में 1 लाख रुपए कांग्रेस पार्टी डालेगी।

### अग्निवीर योजना समाप्त कर देगें

वहीं, नौकरियों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, देश में मौजूदा वक्त में 30 साल सरकारी नौकरियां खाली हैं। सरकार आने पर हम इसके लिए भर्ती शुरू करेंगे। अग्निवीर योजना को फाड़ कर फेंक देंगे। पेपल लीक करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। पहली नौकरी पक्की योजना के तहत देश के सभी ग्रेजुएट को अप्रेंटिसशिप का अधिकार दिया जाएगा।

### पहले चरण में दिख गया भाजपा का फ्लॉप शो: अखिलेश

इससे पहले अखिलेश यादव ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पहले चरण के चुनाव में भाजपा का फ्लाप शो दिख गया है। उनकी झूठी कहानी कोई सुनना नहीं चाहता है। उनके घिसे-पिटे डायलॉग जनता के बीच चल नहीं रहे हैं। यूपी वाले जब स्वागत करते हैं तो बहुत अच्छे से करते हैं, लेकिन जब विदाई करते हैं तो ढोल-नगाड़े के साथ करते हैं। अखिलेश ने कहा कि जो कभी जुमले लेकर आए थे। कहा था कि किसान की आय दोगुनी होगी। बताइए किस किसान की आय दोगुनी हुई है। जितनी भी सरकार में परीक्षाएं हुई हैं। सबमें पेपर लीक हो गए। पहला लीक हुआ सरकार सावधान नहीं हुई। 60 लाख बच्चों का भविष्य अंधेरे में डाल दिया।

## जरूरी खबर

### मुरादाबाद से BJP उम्मीदवार सर्वेश सिंह का निधन

**मुरादाबाद।** पूर्व सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह (72) की दिल्ली स्थित एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। वे लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। नामांकन करने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई। इसी कारण वह चुनाव प्रचार में भाग नहीं ले सके। पूर्व सांसद के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने मेडिकल चेकअप कराने के लिए दिल्ली स्थित एम्स गए थे। वहां इलाज के दौरान शाम को उनका निधन हो गया।

### एलन मस्क की भारत यात्रा फिलहाल स्थगित



**नई दिल्ली।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी है। मस्क की सोमवार को पीएम मोदी से मिलने का कार्यक्रम था। इस मुलाकात में मस्क कई बड़ी घोषणाएं भी करने वाले थे। पीएम मोदी से मिलने के बाद मस्क भारतीय बाजार में प्रवेश करने के लिए कई योजनाओं की घोषणा करने वाले थे। अभी यह साफ नहीं हुआ है कि मस्क ने अपनी यात्रा स्थगित क्यों की है। टेस्ला और पीएम मोदी का अभी कोई बयान सामने नहीं आया है। मस्क ने भारत न आने का कारण खुद पोस्ट कर बताया है। उन्होंने कहा कि टेस्ला के कुछ जरूरी काम के कारण मैं भारत नहीं आ पाऊंगा, लेकिन इस वर्ष के अंत में यात्रा के लिए उत्सुक हूं। बता दें कि दो हफ्ते पहले ही मस्क ने खुद एक्स पर पोस्ट कर भारत के दौरे के बारे में बताया था। मस्क ने पीएम मोदी के साथ मुलाकात को लेकर उत्सुकता भी जाहिर की थी। मस्क के भारत दौरे के पीछे उनकी कंपनी टेस्ला के भारत में प्लांट लगाने की संभावना पर आधारित था।

### दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलने पर विवाद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन ने अपने ऐतिहासिक लोगो का रंग लाल से बदलकर केसरिया करने पर विवाद छिड़ गया है। विपक्षी खेमा इसकी आलोचना कर रहा है। दूरदर्शन के अंग्रेजी समाचार चैनल डीडी न्यूज ने हाल ही में एक्स पर एक नया प्रमोशनल वीडियो साझा करते हुए अपने लोगो का खुलासा किया था। वीडियो के साथ डीडी न्यूज ने लिखा, हमारे मूल्य वही हैं, हम अब एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। एक ऐसी समाचार यात्रा के लिए तैयार हो जाइए जो पहले कभी नहीं देखी... बिल्कुल नए डीडी न्यूज का अनुभव लें।

## नौसेना ने अभ्यास में दिखाई ताकत



*मुंबई। नौसेना ने शनिवार को पूर्वी तट पर पूर्वी लहर अभ्यास आयोजित किया। अभ्यास का उद्देश्य समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए नौसेना की तैयारियों के आकलन का सत्यापन करना था। अभ्यास में जहाज, पनडुब्बी, विमान और विशेष बल भी शामिल हुए। पूर्वी लहर अभ्यास कई चरणों में आयोजित किया गया। टेक्टिकल चरण के दौरान यथार्थवादी परिदृश्य में युद्ध प्रशिक्षण किया गया। हथियारों के चरण में विभिन्न हथियारों से फायरिंग का सफल संचालन किया गया।*

### पाक को मिसाइल उपकरण दिए, 4 कंपनियों पर बैन

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों के लिए उपकरणों की आपूर्ति करने वाली 4 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसमें चीन की तीन कंपनी और बेलारूस की एक कंपनी पर बैन लगाया गया है। इन कंपनियों पर आरोप है कि वे सामूहिक विनाश के हथियारों के निर्माण और वितरण जैसी गतिविधियों में शामिल हैं। अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा चीन स्थित शीआन लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड ने पाकिस्तान के लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए फिलामेंट वाइंडिंग मशीन सहित मिसाइल से संबंधित उपकरणों की आपूर्ति की है। रॉकेट मोटर केस बनाने के लिए फिलामेंट वाइंडिंग मशीनों का प्रयोग किया जा सकता है। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने शनिवार को अमेरिका के प्रतिबंधों की आलोचना की। विदेशी प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा, बिना कोई सबूत साझा किए पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से जुड़े होने के आरोपों पर वाणिज्यिक संस्थाओं की ऐसी लिस्टिंग पहले भी हुई है।

**सेहत पर रार: तिहाड़ जेल प्रशासन का रिपोर्ट में दावा**

# केजरीवाल गिरफ्तारी से पहले ही बंद कर चुके थे इंसुलिन लेना

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बढ़े हुए शुगर लेवल को लेकर आरोप-प्रत्यारोपों के बीच अब तिहाड़ जेल प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भेज दी है। जेल जेल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि केजरीवाल गिरफ्तारी के पहले से ही इंसुलिन लेना बंद कर चुके थे। इसके साथ ही कहा है कि जेल में इंसुलिन की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री केजरीवाल इंसुलिन रिवर्सल पर थे। इस बीच, आम आदमी पार्टी ने इस रिपोर्ट पर सवाल उठाया है और इसे भाजपा की साजिश बताया है।

तिहाड़ जेल प्रशासन ने रिपोर्ट में बताया है कि आरएमएल अस्पताल से उपलब्ध एमएलसी रिपोर्ट के अनुसार, केजरीवाल को न तो किसी इंसुलिन की सलाह दी गई थी और न ही किसी इंसुलिन की आवश्यकता बताई गई थी। 10 अप्रैल और 15 अप्रैल को डॉक्टरों द्वारा केजरीवाल की समीक्षा की गई और मधुमेह की दवाओं की सलाह दी गई। यह कहना गलत है कि केजरीवाल को उनके इलाज के दौरान किसी भी समय इंसुलिन से वंचित किया गया था। तिहाड़ जेल की डिस्पेंसरी में इंसुलिन की पर्याप्त उपलब्धता है और इलाज के दौरान जरूरत पड़ने पर केजरीवाल को इंसुलिन दिया जा सकता है। केजरीवाल को अपने भोजन में प्रति दिन केवल 20 मिलीलीटर तेल का सेवन करने की अनुमति है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि तेलंगाना के एक निजी डॉक्टर से उपचार करवा रहे केजरीवाल गिरफ्तारी से कुछ माह पूर्व इंसुलिन लेना छोड़ चुके थे। वह फिलहाल केवल दवा ले रहे थे।तिहाड़ जेल में जांच के दौरान केजरीवाल ने डॉक्टर को बताया कि कुछ वर्ष से वह इंसुलिन ले रहे थे, लेकिन कुछ महीनों से उन्होंने इंसुलिन लेना बंद कर दिया है।

**आप ने उठाए सवाल, रिपोर्ट को बताया भाजपा की साजिश**





### जेल में मारने की साजिश : आतिशी

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि तिहाड़ जेल प्रशासन की रिपोर्ट से भाजपा की साजिश दिख गई है। कोई भी डॉक्टर बता देगा कि 300 शुगर लेवल खतरनाक होता है। भाजपा के कहने पर केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश की जा रही है। सीएम केजरीवाल को इंसुलिन देने में जेल प्रशासन को क्यों दिक्कत है? जबकि सच्चाई यह है कि सीएम केजरीवाल बीते 12 वर्षों से इंसुलिन ले रहे हैं। जेल जाने से पहले 50 यूनिट इंसुलिन रोज लेते थे।

### केजरीवाल को दी जा रही है धीमी मौत: सौरभ भारद्वाज

वहीं आम आदमी पार्टी के नेता व दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि जेल में अरविंद केजरीवाल को धीमी मौत दी जा रही है। अगर शुगर लेवल ऊपर जाएगा तो नसों पर असर पड़ेगा और किडनी ख़राब हो सकती है। उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल पर तंज कसते हुए कहा कि कोई विनय कुमार सक्सेना, केजरीवाल की किडनी वापस नहीं ला सकता उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल के स्वास्थ्य के बारे में कई बातें मीडिया में कही जा रही हैं। सब 20-22 साल से जातने हैं कि उन्हें डायबिटीज़ है। भारद्वाज का आरोप है कि सीएम केजरीवाल बार-बार डॉक्टरों को इंसुलिन के लिए कह रहे हैं, लेकिन उनको इंसुलिन नहीं दी जा रह है।

**50KG वर्ग में मुकाबले**

## विनेश ने पक्का किया पेरिस ओलंपिक टिकट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को पेरिस ओलंपिक का कोटा पक्का कर लिया। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में महिलाओं के 50 किलोग्राम वर्ग में एक भी अंक गंवाए बिना फाइनल में जगह बनाई। यह पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का दूसरा कोटा है। उनसे पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था। 29 वर्षीय विनेश का लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा है। उन्होंने इससे पहले रियो ओलंपिक(2016) और टोक्यो ओलंपिक (2020) में भी हिस्सा लिया था।

विनेश ने सेमीफाइनल में कजाखस्तान की 19 साल की पहलवान लौरा गानिकिजी का पराजित किया। गानिकिजी ने उनके सामने थोड़ी चुनौती पेश की, लेकिन विनेश ने अपने अनुभव का इस्तेमाल कर युवा प्रतिद्वंद्वी को मात दी। फाइनल में पहुंचने वाले पहलवानों को अपने देश के लिए कोटा मिलेगा। विनेश ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी।



### तीन और कोटे पर निगाह

भारत अंशु मलिक (57 किग्रा), मानसी अहलावत (62 किग्रा) और रीतिका (76 किग्रा) के जरिए तीन और कोटे हासिल कर सकता है क्योंकि ये भी अपने वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। विश्व चैम्पियनशिप 2021 रजत पदक विजेता अंशु को क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला।

### मानसी भी अंतिम चार में पहुंची

मानसी अहलावत (62 किलो) भी अंतिम चार में पहुंच गई जिसके लिए उन्हें महज एक मुकाबला जीतने की जरूरत थी। उन्होंने कजाखस्तान की इरिना कुजनेत्सोवा को 6-4 से हराया। निशा दहिया (68 किलो) सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी।

**पंजाब: जांच में एक्सपायरी डेट की बात आई सामने**

## चॉकलेट खाने के बाद खून की उल्टियां

**एजेंसी** | पटियाला

पंजाब के लुधियाना में चॉकलेट खाने से डेढ़ साल की बच्ची को खून की उल्टियां होने लग गई। चॉकलेट पटियाला शहर से खरीदी गई थी, जहां कुछ दिन पहले केक खाने पर बर्थडे के दिन लड़की की मौत हो गई थी।

इस खबर से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया और अधिकारी तुरंत उस दुकान पर पहुंच गए, जहां से चॉकलेट खरीदी गई थी। जांच में पता चला कि बच्ची को दी गई चॉकलेट एक्सपायरी डेट की थी। बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है बच्ची के रिश्तेदार विक्की ने बताया कि बच्ची राविया लुधियाना से कुछ दिन पहले पटियाला में उनके घर आई थी।

### अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा

गिफ्ट दी गई चॉकलेट 22 साल की एक युवती ने भी खाई थी, उसकी भी तबीयत बिगड़ी गई। घरवालों को शक हुआ तो वे बच्ची को तुरंत डॉक्टर के पास ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने बच्ची को सीएमसी हॉस्पिटल में भर्ती कर लिया। बच्ची का इलाज जारी है।

**कई राज्यों में तापमान 40 डिग्री से 46 डिग्री तक पहुंचा**

## देश के सात राज्यों में भीषण गर्मी का अलर्ट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश के कई राज्य प्रचंड गर्मी से तप रहे हैं। इस बीच मौसम विभागका कहना है कि अप्रैल से जून के बीच दस से बीस दिनों तक लू चलने की संभावना है। अप्रैल में सामान्य तौर पर एक से तीन दिन तक लू चलने की संभावना रहती है, लेकिन इस बार अप्रैल में ही चार से आठ दिन तक लू का प्रकोप जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार जिन राज्यों में भीषण गर्मी का असर देखने को मिलेगा वे हैं मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड। यह भी बताया गया है कि कुछ स्थानों पर 20 दिनों से अधिक लू चल सकती है।

शनिवार को भारत के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ी और इस वजह से कई इलाकों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दिन के समय छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में गंभीर लू की स्थिति बनी रही। ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में इस महीने की दूसरी हीटवेव देखी गई है। ओडिशा के बारीपदा और बौध में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस, पश्चिम बंगाल के मिदनापुर में 44.5 डिग्री और बांकुरा में 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा झारखंड के डाल्टनगंज में 43.6 डिग्री सेल्सियस और जमशेदपुर में 43.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। उधर छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


**एनआईटी श्रीनगर के अध्ययन में खुलासा**

# कश्मीर में पीर पंजाल में सिकुड़ रहे 122 ग्लेशियर

**एजेंसी** | श्रीनगर

पीर पंजाल रेंज में 122 ग्लेशियरों की पहचान की है, जिनके आकार में 1980 के बाद से भारी गिरावट आई है। करीब 25.7 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले ग्लेशियर घटकर महज 15.9 वर्ग किलोमीटर रह गए हैं। इस दौरान इन ग्लेशियरों ने अपना 9.83 वर्ग किलोमीटर हिस्सा खो दिया है। इसी तरह 55 ग्लेशियरों के एक विशेष वाटर-शेड 'विशव' ने इस दौरान अपने करीब छह वर्ग किलोमीटर से ज्यादा हिस्से को खो दिया है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, श्रीनगर के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में इसका खुलासा किया है। शोधकर्ता मोहम्मद अशरफ गनाई और सैयद कैसर बुखारी के नेतृत्व में किया गया शोध इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हाइड्रोलॉजी साइंस एंड टेक्नोलॉजी में प्रकाशित हुआ हैं।



इसमें शोधकर्ताओं ने 1980 से 2020 के बीच ग्लेशियरों से जुड़े करीब चार दशकों के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। शोधकर्ताओं ने भारत के कश्मीर बेसिन की पीर पंजाल रेंज में मौजूद ग्लेशियरों में होने वाले बदलावों पर प्रकाश डाला है।

### तीव्र ढलान वाले ग्लेशियरों में गिरावट की दर कम

अध्ययन में यह बात सामने आई है कि जो ग्लेशियर दक्षिण की ओर हैं, उनमें उत्तर की ओर मुख वाले ग्लेशियरों की तुलना में कहीं ज्यादा गिरावट आई है। इसी तरह जो ग्लेशियर अधिक ऊंचाई पर या समुद्र के स्तर से औसतन 3,800-4,000 मीटर ऊंचाई पर है, उन्होंने कम ऊंचाई वाले ग्लेशियरों की तुलना में गिरावट की कहीं ज्यादा दर देखी है। अध्ययन में यह भी सामने आया है कि हल्की ढलान वाले ग्लेशियरों की तुलना में तीव्र ढलान वाले ग्लेशियरों में गिरावट की दर उतनी नहीं थी।

### जल संकट और हिमनद झीलों के फटने का खतरा

शोधकर्ता कहते हैं कि यह ग्लेशियरों में आ रही गिरावट से जल संकट का खतरा मंडरा रहा है। जिस तरह तेजी से नाटकीय तरीके से यह ग्लेशियर पिघल रहे है उसके कारण कई तरह के अनचाहे संकट खड़े हो सकते हैं। इसमें कृषि उत्पादन से लेकर रोजमर्रा का जीवन शामिल है। वहीं, ग्लेशियरों के पिघलने से हिमनद झीलों के अचानक फटने का खतरा बढ़ रहा है, जिससे पारिस्थितिक तंत्र के लिए खतरा पैदा हो सकता है। ज्ञात रहे कि हिमालय क्षेत्र में मौजूद ग्लेशियर आसपास के क्षेत्र में बसे समुदायों के लिए महत्वपूर्ण जल स्रोत हैं। वे नदी के प्रवाह, कृषि और पनबिजली उत्पादन को बनाए रखने में मददगार होते हैं। साथ ही स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र, वन्य जीवन और आवासों को भी संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## कर्नाटक: पिता ने बेटी की हत्या को बताया लव जिहाद

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस के पार्षद की बेटी की हुबली में बीवीबी कॉलेज परिसर में हुई हत्या को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस नेता निरंजन हिरेमथ ने कहा है कि उनकी बेटी की हत्या 'लव जिहाद' के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि यह लव जिहाद नहीं तो क्या है? उन्होंने दावा किया कि विवाह के नाम पर जबरन धर्म परिवर्तन बहुत फैल रहा है।

उन्होंने कहा, हालात ऐसे हो चुके हैं कि कि मैं यह कहने में संकोच नहीं कर सकता। क्योंकि मैं बेटी को खोने का दर्द जानता हूं। कई माता-पिता अपने बच्चों को खो रहे हैं।

नेहा की मां गीता ने अपनी शिकायत में कहा कि नेहा के पिता ने चार महीने पहले आरोपी फैयाज से बात की थी और उससे कहा था कि वह उनकी बेटी से शादी के लिए संपर्क न करें क्योंकि वह पढ़ना चाहती है। अपनी शिकायत में, नेहा की मां ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने हाल ही में अपने माता-पिता को बताया था कि फैयाज ने उसे धमकी दी थी कि अगर उसने उसका प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा,पूछताछ के दौरान फयाज ने दावा किया कि वे दोनों रिलेशनशिप में थे। वह अचानक उससे बचने लगी थी। दूसरी ओर भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी हमलावर का बचाने में लगी हुई है। खुद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ही इसको प्रेम प्रसंग का मामला बता रहे हैं।

## जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

# प्रभातफेरियों में भगवान महावीर के संदेश... शाम को मनाया दीपोत्सव

**बेधड़क.जयपुर।** पूरे विश्व को जीओ और जीने दो का संदेश देने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव के लिए प्रभातफेरियां व मानसरोवर संभाग में अहिंसा वाहन रैली निकाली गई। वहीं, शाम को सी-स्कीम जैन समाज व राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की ओर से दीपोत्सव और महाआरती, भक्ति संध्या के विशेष आयोजन किए गए। महोत्सव के पूर्व शनिवार को राजस्थान जैन सभा के आह्वान पर सुबह शहर की विभिन्न कॉलोनियों में प्रभातफेरियां निकाली गईं। इस दौरान महावीर भगवान के संदेशों को प्रचारित किया गया। महिला पुरुष-बड़ी संख्या में शामिल हुए। दुर्गापुरा, जय जवान कॉलोनी, रॉयल एवेन्यू, झोटवाड़ा सहित कई कॉलोनियों में प्रभातफेरियों में भगवान महावीर के जयकारे गूंजे। मानसरोवर के एसएफएस के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से वरुण पथ के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर तक विनेश सोगानी के मुख्य संयोजन में विशाल अहिंसा वाहन रैली निकाली गई।





### भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना अनुष्ठान

इस मौके पर भगवान महावीर की महाआरती के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। अहिंसा सर्किल पर विशेष सजावट की गई। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोदीका ने बताया कि दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान रीजन के तत्वावधान में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा भट्टारक जी की नसियां में 48 मण्डलीय भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना अनुष्ठान का आयोजन किया गया।

### आज की जाएगी शांति धारा


अब रविवार सुबह महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव के मौके पर मंदिरों में भगवान महावीर के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांति धारा की जाएगी। अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना होगी और पूजा के दौरान भगवान महावीर का जन्म कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढ़ाया जाएगा।

### झंडारोहण कर जगाई भक्ति

एसएफएस के श्रीआदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अशोक-नीतू जैन कोटलर ने झण्डारोहण किया। इस मौके पर एम पी जैन, राजेश काला, पवन जैन नगीना, सुनील बैनाडा, सुभाष जैन, सोभाग मल जैन, राजेन्द्र सेठी सहित लोग उपस्थित थे। रैली थड़ी मार्केट, मीरा मार्ग, हीरा पथ के दिगम्बर जैन मंदिरों में होती हुई वरुण पथ मानसरोवर के दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हो गई। इस मौके पर 108 दीपकों से भगवान महावीर की महाआरती की गई। सी-स्कीम जैन समाज के महामंत्री संजय छाबड़ा व राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि शाम को सी-स्कीम के अशोक नगर जैन समाज व राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में अहिंसा सर्किल पर दीपोत्सव मनाया गया।

## छात्राएं दिखाएंगी नृत्य कौशल





**बेधड़क. जयपुर।** विश्व नृत्य दिवस पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर नृत्यों के खास कार्यक्रम 'नृत्यति' से सज्जित होगा। 29 अप्रैल को शाम 4 से 9 बजे तक होने वाले समारोह में इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कथक डांस एंड म्यूजिक में प्रशिक्षित छात्राएं नृत्य कौशल का प्रदर्शन करेंगी। दिल्ली के धीरेन्द्र तिवारी इस मौके पर विशिष्ट अतिथि कलाकार के रूप में कथक नृत्य की एकल प्रस्तुति देंगे। साथ ही डॉ. श्वेता गर्ग शिष्य मंडली के साथ कथक की विशेष प्रस्तुति देंगी। राजेंद्र राव ने बताया कि कार्यक्रम कथक के साथ अन्य डांस की प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। उसमें बेस्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए विशेष तैयारी और ट्रेनिंग की जा रही है। इसके लिए बच्चों ने कई प्रस्तुतियां तैयार की हैं, जिसमें देश की संस्कृति की झलक दिखाई देगी।

## मजदूरों को देंगे निशुल्क हेलमेट

**बेधड़क. जयपुर।** टीम 10 ट्री एम्बुलेंस मजदूरों, चिनाई कारीगरों को नि:शुल्क आईएसआई मार्का हेलमेट देने के लिए अभियान चलाएगी। शहर में सुबह 7 से 9 बजे तक मजदूरों की चोखटी में यह हेलमेट दिए जाएंगे। नया हेलमेट देने से पहले मजदूर से पुराना हेलमेट वापस लेकर उस हेलमेट को तोड़ा जाएगा। हालांकि, जिस मजदूर का हेलमेट अच्छी क्वालिटी का होगा उसे नया हेलमेट नहीं दिया जाएगा। फ्री हेलमेट वितरण के लिए लायंस क्लब या रोटरी क्लब, या कोई भी एसोसिएशन, महिला मंडल, मॉर्निंग वॉकर्स, अपना बैनर या पोस्टर लेकर आ सकते हैं और हेलमेट वितरण के फोटो और वीडियो बना सकते हैं।

## तेलुगु फिल्म 'डार्लिंग' अनाउंस




**बेधड़क. जयपुर।** सुपरहिट फिल्म हनुमान के प्रोड्यूसर के निरंजन रेड्डी ने अपनी नेक्स्ट फिल्म अनाउंस कर दी है। यह तुलुगु फिल्म होगी और इसका टाइटल होगा डार्लिंग। लीड रोल में प्रियदर्शी और नाभा नतेश नजर आएंगे। मूवी का डाइरेक्शन अश्विन राम करेंगे। प्रियदर्शी और नाभा नतेश के साथ अनन्या नागल्ला, मोइन, शिवा रेड्डी, मुरलीधर गौड़, कल्याणी राज, सुनीता मनोहर, मुल्लापुडी राजेश्वरी, अभिज्ञ, जीवन, कृष्णा तेजा, विष्णु, संजय स्वरूप, रघु बाबू, प्रियंका, स्वप्निका और शिवरंजनी सहयोगी भूमिकाओं में दिखेंगे।

# City इवेंट्स

## LSD2 और DADP दोनों रही ठंडी




**बेधड़क. जयपुर।** बॉक्स आफिस इस शुक्रवार एकदम ठंडा रहा। दो फिल्में रिलीज हुईं एक लव सेक्स और धोखा 2 और दूसरी दो और दो प्या। दोनों ही मूवीज में से कोई भी एक करोड़ का आंड़ा पार नहीं कर पाई। अलग-अलग छोड़िए दोनों का कलेक्शन मिलाकर भी एक रोड़ नहीं पहुंचा। दिबाकर बैनर्जी की फिल्म 'LSD 2' ने पहले दिन सिर्फ 15 लाख रुपए का बिजनेस किया। इस फिल्म को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है और इसमें परितोष तिवारी, बोनिता राजपुरोहित और अभिनव सिंह जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। दो और दो प्यार की स्थिति थोड़ी इससे ठीक रही। विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल स्टारर इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 50 लाख रुपए कमाए। इस तरह से दोनों मूवीज का पहले दिन का नेट कलेक्शन 65 लाख रुपए रहा।

### रामलीला मैदान में होगी जिनेश्वरी दीक्षा



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में रविवार को रामलीला मैदान में धर्म सभा के दौरान जिनेश्वरी दीक्षा का आयोजन होगा। महावीर जयंती समारोह प्रमुख समन्वयक अशोक जैन ने बताया कि आचार्य चैत्य सागर महाराज के सानिध्य में दीक्षार्थी राकेश वीर भानू जैन जिनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करेंगे। इस मौके पर पाद पक्षालन, शास्र भेंट, पिच्छीका-कमण्डलु भेंट सहित कई आयोजन होगें। सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन व महामंत्री मनीष बैद के मुताबिक दीक्षार्थी राकेश जैन का जन्म 27 जनवरी 1960 को कासगंज (एटा) में हुआ था। उनकी शिक्षा बी ए तक हुई है। गंज दुण्डवारा निवासी राकेश जैन के परिवार में माता-पिता, पत्नी सुमन लता, तीन पुत्र, एक पुत्री है। उन्होंने 2019 में आचार्य चैत्य सागर महाराज से ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया था। तभी से श्री जैन आचार्यश्री के संघ में रहकर जीवन का कल्याण कर रहे हैं।

### बजरंगी भाईजान 2 की स्क्रिप्ट तैयार

**बेधड़क. जयपुर।** सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म बजरंगी भाईजान का सीक्वल एक बार फिर सुर्खियों में है। नया अपडेट है कि बजरंगी भाईजान 2 की स्क्रिप्ट तैयार है और मेकर्स बस सुपरस्टार की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। पिंकविला की रिपोर्ट क अनुसार आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म 'रुसलान' के प्रमोशनल इवेंट के दौरान निर्माता केके राधामोहन ने खुलासा किया कि बजरंगी भाईजान 2 की स्क्रिप्ट तैयार है। स्क्रिप्ट जल्द ही सलमान खान को सुनाई जाएगी। कथित तौर पर फिल्म का नाम 'पवन पुत्र भाईजान' रखा गया है।

## खोले के हनुमानजी में 5 दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव शुरू

# बालाजी को भजनों से रिझाया कालबेलिया नृत्य ने रंग जमाया



**बेधड़क | जयपुर**

दिल्ली रोड स्थित खोले के हनुमानजी मंदिर में 5 दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव की शुरुआत हुई। पद्मश्री गुलाबो सपेरा ने हनुमानजी के दरबार में कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुतियां देकर तालियां बटोरी।

जुगल किशोर सैनी ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर बजरंग बली का मनमोहक श्रृंगार किया गया। शाम की झांकी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया। नरवर सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया रविवार को शाम 7 बजे से पद्मश्री मुन्ना मास्टर और पंडित रतन मोहन शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगे। सोमवार को शाम 7 बजे से भक्ति संध्या का आयोजन होगा।

मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव का मुख्य आयोजन होगा। सुबह सात से शाम 6 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। सुबह 7 बजे हनुमानजी महाराज का 108 औषधियुक्त द्रव्यों, विभिन्न तीर्थों के जल से अभिषेक किया जाएगा।

सुबह 9 बजे षोडशोपचार पूजन और श्रृंगार होगा। मध्याह्न 12 बजे विशेष उत्सव आरती होगी। 2 से 5 बजे तक हवन होगा और शाम 6 बजे गणेश मंडल की ओर से भजनों की प्रस्तुतियां दीं जाएंगी। वहीं, 24 अप्रैल को शाम 7 से 10 बजे तक भजनों की प्रस्तुति के साथ 5 दिवसीय कार्यक्रम का समापन होगा।

## न्यू-लॉन्चड राष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंट में पाया छठा स्थान

# जयपुर के प्रखर असावा ने गुड़गांव ओपन में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**बेधड़क | जयपुर**

रामबाग गोल्फ क्लब जयपुर के प्रखर असावा ने हरियाणा के नूंह में क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित न्यू-लॉन्चड राष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंट गुड़गांव ओपन-2024 में टैलेंट दिखाया। प्रतिस्पर्धा में प्रखर के साथ मनु गंडास, अमन राज, करण प्रताप सिंह, सचिन बैसोया और उदयन माने जैसे कई भारतीय प्रोफेशनल्स प्लेयर्स शामिल हुए। रोमांचक खेल में चुनौतीपूर्ण हवा की स्थिति और मुश्किल पिन पोजीशन के बीच असावा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंतिम दिन लेवल पार 72 का कार्ड खेलकर कुल 277 के स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया।

प्रखर ने राउंड की शुरुआत 2 बोगी के साथ की और बाद में वापसी करते हुए 3 बर्डीज और 3 बोगी के साथ लेवल पार कर लिया। सटीकता और निरंतरता के उल्लेखनीय प्रदर्शन में उन्होंने 4 दिनों की मुश्किल गोल्फिंग परिस्थितियों के दौरान -3,-3,-5 और पार का कार्ड बनाया और देश में गोल्फ के उच्चतम स्तर पर अपना नाम दर्ज कराया। यह लंबे समय से राजस्थान के किसी भी गोल्फर द्वारा किया गया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। टूर्नामेंट में बेंगलुरु के एम धर्मा विजेता बनकर उभरे। प्रखर ने राहिल गंगजी, उदयन माने, राजीव के जातिवाल, तापी घई और सचिन बैसोया के साथ छठा स्थान साझा किया।

**बैठक** समर्पण संस्था का शिक्षा दान का महत्व विषय पर व्याख्यान

# सभी को शिक्षा सत्ता, शासन और समाज की जिम्मेदारी

**बेधड़क | जयपुर**

'शिक्षा जीवन को रोशन करती है। सभी को शिक्षा देना सत्ता, शासन व समाज की ज़िम्मेदारी है। किसी व्यक्ति की शिक्षा के लिए किया दान सर्वश्रेष्ठ है।' उक्त विचार समर्पण संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने वस्त्र बैंक परिसर, श्री कल्याण नगर करतारपुरा में 'शिक्षा दान का महत्व' विषय पर आयोजित व्याख्यान में व्यक्त किए।

डॉ. माल्या ने अपने व्याख्यान में पीपीटी प्रजेन्टेशन द्वारा बताया कि शिक्षा उस सूर्य के समान है,



जिससे हमें स्वयं के साथ परिवार, समाज व पूरी दुनिया को फायदा मिलता है। शिक्षा से ही हम जीवन की दशा व दिशा बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि 'शिक्षा दान दुनिया में शांति, समृद्धि व सतत विकास आधार है। यह समाज व विश्व कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षा दान से बढ़कर कोई दान नहीं है। अन्न, वस्त्र, औषधि, धन, भोजन आदि के दान एक न एक दिन खत्म हो जाते हैं, लेकिन शिक्षा का दान कभी खत्म नहीं होता है वह आजीवन साथ रहता है।'

### एजुकेशनल एम्बेसेडर अभियान की जानकारी दी

डॉ. माल्या ने समर्पण संस्था द्वारा निर्धन विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए किए जा रहे नवाचार 'एजुकेशनल एम्बेसेडर' अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि संस्था द्वारा आर्थिक सम्पन्न व्यक्ति जो पे बैक टू सोसायटी की भावना रखते हैं। उन्हें एक निर्धन विद्यार्थी की शिक्षा की जिम्मेदारी देकर एज्युकेशनल ब्रांड एम्बेसेडर/ एज्युकेशनल एम्बेसेडर/ एज्युकेशनल एसोशिएट नियुक्त किए जा रहे हैं। शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### जरूरतमंद को शिक्षा देना महान कार्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्रधान मुख्य सलाहकार व पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त अनिल कुमार जैन ने कहा कि 'सेवा हमारे जीवन में सकारात्मक भाव पैदा करती है। जरूरतमंद को शिक्षा देना महान कार्य है। इस अवसर पर संस्था के नवनियुक्त प्रधान मुख्य संरक्षक प्रमोद कुमार चौरड़िया जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक मे 10वां शैक्षिक सहयोग व एज्यूकेशनल एम्बेसेडर अधिवेशन 'शिक्षा दान महोत्सव' के रूप में 7 जुलाई को आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

मन वही जानता है जिसका
उसने अनुभव किया है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन
चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### गत 24 घंटे में आईडीएफ ने 37 लोगों को उतारा मौत के घाट

# इजराइल का रफा पर हवाई हमला, छह मासूम समेत 9 की मौत

**एजेंसी** | रफा

इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष भीषण रूप लेता जा रहा है। अब इजरायल ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा में फिर से हवाई हमला किया है। इस हमले में कम से कम नौ लोगों की मौके पर मौत हो गई। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में छह बच्चे भी शामिल हैं। गाजा की नागरिक सुरक्षा ने बताया कि इजरायल ने शुक्रवार देर रात राफा शहर के पश्चिमी तेल सुल्तान इलाके में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया। इसमें हमले में छह बच्चें, दो महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। मालूम हो कि राफा मिस्र की सीमा पर स्थित है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में इजरायली हमलों में 37 लोगों की मौत हुई है, जबकि 68 लोग घायल हो गए हैं।





### 34 हजार से ज्यादा की मौत

मंत्रालय ने बताया कि इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष में मरने वालों की संख्या 34,049 और घायलों की संख्या 76,901 हो गई है। मंत्रालय के मुताबिक, मरने वालों में कम से कम दो तिहाई बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। मालूम हो कि इजरायल ने भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह ईरान पर हमला कर उसके सैन्य ठिकाने को नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। इजरायल ने यह हमला रविवार रात ईरान के दागे 300 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइलों के जवाब में किया, लेकिन इजरायल सरकार के किसी उच्चपदस्थ व्यक्ति ने ईरान में हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### इजराइल ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर किया हमला

मालूम हो कि इजरायल ने भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह ईरान पर हमला कर उसके सैन्य ठिकाने को नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। इजरायल ने यह हमला रविवार रात ईरान के दागे 300 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइलों के जवाब में किया, लेकिन इजरायल सरकार के किसी उच्चपदस्थ व्यक्ति ने ईरान में हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### अमेरिका में डेयरियों से दूध के सैंपल लैब जांच के लिए भेजे जा रहे

# गाय के दूध में बर्ड फ्लू वायरस WHO ने दी चेतावनी

**एजेंसी** | जेनेवा

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जानवरों के कच्चे दूध में एच5एन1 बर्ड फ्लू वायरस पाए जाने की पुष्टि की है। इससे दुनिया के कई देशों में हड़कंप मच गया है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि यह वायरस पक्षियों से गायों में और गायों से गायों और गायों से मनुष्यों तक में फैल रहा है। यह वायरस दूध में कितने समय तक जीवित रह सकता है, यह अज्ञात है। वैज्ञानिक अब इसकी जांच कर रहे हैं।

एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार एवियन इन्फ्लूएंजा ए(एच5एन1) पहली बार 1996 में सामने आया था, लेकिन 2020 के बाद से संक्रमित स्तनधारियों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ पक्षियों में इसके प्रकोप की संख्या तेजी से बढ़ी है। इस तनाव के कारण लाखों मुर्गे-मुर्गियों की मौत हो गई है। साथ ही जंगली पक्षियों के अलावा भूमि और समुद्री स्तनधारी भी संक्रमित हुए हैं। गायें और बकरियां पिछले महीने बर्ड फ्लू की चपेट में आने वाले जानवरों की सूची में शामिल हुईं। अमेरिकी अधिकारियों ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि टेक्सास में एक डेयरी फार्म पर काम करने वाला एक व्यक्ति मवेशियों के संपर्क में आने के बाद बर्ड फ्लू से उबर रहा है।



### गाय से संक्रमित हुआ व्यक्ति

विश्व स्वास्थ्य संगठन में वैश्विक इन्फ्लूएंजा कार्यक्रम के प्रमुख वेनकिंग झांग ने कहा, "टेक्सास में गाय द्वारा एवियन इन्फ्लूएंजा से संक्रमित किसी मानव में यह पहला मामला है।" उन्होंने बताया कि इन मौजूदा प्रकोपों के दौरान पक्षी से गाय, गाय से गाय और गाय से पक्षी में संचरण भी दर्ज किया गया है, जो बताता है कि जितना पहले हम समझते थे, अब वायरस ने संक्रमण के अन्य मार्ग ढूंढ़ लिए हैं।

### संक्रमित जानवरों के दूध में भी मिला वायरस

डब्ल्यूएचओ के अनुसार संक्रमित जानवरों के दूध में भी यह वायरस पाया गया है।" झांग ने कहा कि "कच्चे दूध में वायरस की मात्रा बहुत अधिक है", लेकिन विशेषज्ञ अभी भी जांच कर रहे हैं कि दूध में वायरस कितने समय तक जीवित रह सकता है। मवेशियों में संक्रमण वाणिज्यिक दूध आपूर्ति के लिए चिंता का विषय नहीं है, क्योंकि डेयरियों को बीमार गायों के दूध को नष्ट करना पड़ता है। पाश्चुरीकरण भी वायरस को मारता है। "लोगों के लिए सुरक्षित खाद्य प्रथाओं को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है, जिसमें केवल पाश्चुरीकृत दूध और दूध उत्पादों का सेवन शामिल है।"

### हाल में संक्रमण के मामले

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि 2003 से इस साल 1 अप्रैल तक 23 देशों में 889 मनुष्यों में सामने आए संक्रमण के इन मामलों में 463 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे मृत्यु दर 52 प्रतिशत हो गई है। झांग ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जब से वायरस बढ़ा है तब से यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में दर्ज किए गए मानव मामले हल्के रहे हैं। अभी तक इस बात का कोई सबूत नहीं है कि A(H5N1) इंसानों के बीच फैल रहा है। झांग ने इस बात पर जोर दिया कि गायों और टेक्सास में मानव मामले में पहचाने गए ए (एच5एन1) वायरस ने स्तनधारियों के लिए कोई बढ़ा हुआ अनुकूलन नहीं दिखाया है। झांग ने कहा कि कुछ टीके इसके लिए पाइपलाइन में हैं।

### मौसम विज्ञानी जोहान जैक्स ने दी चेतावनी


# कहीं 'मौसम युद्ध' न बन जाए कृत्रिम बारिश

**एजेंसी** | दुबई

संयुक्त राज्य अमीरात (यूएई) में हाल के दिनों में हुई भारी बारिश ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। यूएई में काफी कम बारिश होती है लेकिन जिस तरह से दुबई में भारी बारिश दर्ज की गई, उसने कई तरह की चिंताओं को जन्म दिया है। इस भारी बारिश के लिए 'क्लाउड सीडिंग' को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

मौसम विज्ञानियों ने दुबई में बाढ़ के लिए 'क्लाउड सीडिंग' को जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद चेतावनी दी है कि ये आने वाले समय में देशों के बीच 'मौसम युद्ध' की शक्ल ले सकता है। ऐसा हुआ तो इसके विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। मालूम हो कि

क्लाउड सीडिंग इस प्रक्रिया में विशेष फ्लेयर्स से लैस विमान बारिश को करवाने केलिए बादलों में नमक छोड़ते हैं। यूएई ने 1990 के दशक से वर्षा को शीघ्र करने के लिए क्लाउड-सीडिंग का उपयोग किया है। हालांकि इस बारिश में यूएई ने क्लाउड सीडिंग से इनकार किया है। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, क्लाउड सीडिंग अगर नियंत्रण से बाहर हुई तो फिर देशों के बीच 'मौसम युद्ध' होने की आशंका है। पर्यावरण प्रौद्योगिकी कंपनी किस्टर्स के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी जोहान जैक्स ने चेतावनी दी कि इस नई तकनीक का उपयोग करने के 'अनपेक्षित परिणाम' हो सकते हैं, जिससे संभावित रूप से 'राजनयिक अस्थिरता' हो सकती है। उन्होंने कहा कि जब हम प्राकृतिक वर्षा पैटर्न में हस्तक्षेप करते हैं, तो हम नई घटनाओं की एक ऐसी श्रृंखला शुरू कर देते हैं जिन पर हमारा बहुत कम नियंत्रण होता



### हो सकते हैं बाढ़ और सूखे के जैसे हालात

जोहान ने कहा कि क्लाउड सीडिंग के बाद के परिणामों पर हमारा बहुत कम नियंत्रण है। एक क्षेत्र में अत्यधिक बारिश लाने के लिए क्लाउड सीडिंग जैसी तकनीकों का उपयोग करने से दूसरे क्षेत्र में अचानक बाढ़ और सूखा पड़ सकता है। जब भी हम प्राकृतिक वर्षा पैटर्न में हस्तक्षेप करते हैं तो हम घटनाओं की एक श्रृंखला शुरू कर देते हैं जिन पर हमारा कम नियंत्रण होता है।

### पाक अखबार की एक रिपोर्ट में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का दावा

# बुशरा के खाने में टॉयलट क्लीनर मिलाया गया

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान ने कहा है कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को टॉयलेट क्लीनर मिला हुआ भोजन दिया गया था। पाकिस्तान स्थित द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की एक में रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। रावलपिंडी की अडियाला जेल में



पीएस 190 मिलियन भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के दौरान, इमरान खान ने न्यायाधीश नासिर जावेद राणा से कहा कि अदालत कक्ष में अतिरिक्त दीवारें खड़ी कर दी गई हैं, जिससे बंद अदालत जैसा माहौल हो गया है। इमरान ने कहा कि शौकत खानम अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. असीम यूसुफ ने बुशरा बीबी का परीक्षण शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में कराने का सुझाव दिया था। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने कहा कि बुशरा बीबी के खाने में टॉयलेट क्लीनर मिलाया गया था, जिससे उनके पेट में रोजाना जलन होती थी।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl